इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 19 | राजनांदगांव, गुरूवार 04 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## संसद शीतकालीन सत्र तीसरा दिन : पीएम मोदी की बंगाल सांसदों से रणनीतिक बैठक, विपक्ष का लेबर कोड विरोध

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन मिलाजुला रहा। बुधवार सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद परिसर में पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने राज्य में बढ़ती राजनीतिक हिंसा पर गहरी चिंता जताई और कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ अब अधिक आक्रामक रणनीति अपनाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि विपक्ष द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न और हिंसा को हर मंच पर उजागर किया जाए ताकि जनता समझ सके कि ममता बनर्जी सरकार किस तरह इन घटनाओं पर आंखें मूंदे हुए है। हाल ही में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले को लेकर भी उन्होंने इसे राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने की बात कही। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने 2026 में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए


शांतिपूर्ण चली सदन की कार्यवाही

सांसदों को अभी से जमीनी स्तर पर मजबूत तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विस्तृत प्रजेंटेशन, रणनीतिक प्लानिंग और कार्यकर्ताओं को संगठित करने जैसे प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि भाजपा राज्य में एक मजबूत विकल्प के रूप में खुद को स्थापित कर सके।

### संसद परिसर में विपक्षी दलों का प्रदर्शन

उधर विपक्षी दलों ने भी संसद परिसर में अपनी उपस्थिति को पूरे जोर-शोर के साथ दर्ज कराया। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस के कई नेता मकर द्वार पर नए श्रम कानूनों यानी लेबर कोड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते दिखे। इसके अलावा कुछ सांसदों ने दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण को लेकर गैस मास्क पहनकर प्रतीकात्मक विरोध भी जताया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। पश्चिम बंगाल के लिए बकाया सेंट्रल फंड को लेकर TMC MPs ने केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सदन के भीतर का माहौल आज अपेक्षाकृत शांत दिखाई दिया। लोकसभा में प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के सम्पन्न हुआ, जो इस सत्र में पहली बार देखने को मिला। कांग्रेस के मुख्य सचेतक के. सुरेश ने भी पुष्टि की कि चुनाव सुधारों की बहस में संविधान से संबंधित बिंदुओं पर व्यापक चर्चा होगी। इस सहमति के बाद आज सदन सुचारु रूप से चला और विपक्ष ने हंगामा नहीं किया।

## साय कैबिनेट का बड़ा फैसला: दो सौ यूनिट तक हाफ बिल के अलावा अगले एक साल तक चार सौ यूनिट खपत पर भी राहत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत देने का बड़ा निर्णय के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

कैबिनेट ब्रीफिंग में बताया गया कि, मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान - राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत देने के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान राज्य में 01 दिसम्बर 2025 से लागू है, जिसके तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट से बढ़ाकर अब 200 यूनिट प्रति माह तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। यह लाभ 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। इसके अलावा राज्य में 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अगले एक वर्ष तक 200 यूनिट तक, बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा।



इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके।

**महत्वपूर्ण निर्णयः** मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान- राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत देने के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान राज्य में 01 दिसम्बर 2025 से लागू है, जिसके तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट से बढ़ाकर अब 200 यूनिट प्रति माह तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। यह लाभ 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। राज्य में 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अगले एक वर्ष तक 200 यूनिट तक, बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा, इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके। इस तरह मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान से प्रदेश के 42 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का लाभ प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा। गौरतलब है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से सब्सिडी दी जा रही है, जिसके तहत 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट पर 15,000 रुपये तथा 2 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता के प्लांट पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चाय बोलो, चाय चाहिए: कांग्रेस ने मोदी का 'एआई' वीडियो शेयर किया, बीजेपी ने बताया शर्मनाक, कहा-जनता माफ नहीं करेगी

नई दिल्ली। बुधवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक एआई से बनाया गया वीडियो शेयर किया। मात्र 6 सेकंड के इस वीडियो में पीएम मोदी को चायवाला दिखाया गया है। एक हाथ में चाय की केतली और दूसरे हाथ में ग्लास पकड़े वे कहते दिखाई देते हैं-चाय बोलो, चाय चाहिए। रागिनी नायक ने वीडियो पर मज़ाकिया लहजे में लिखा- अब ई कौन किया बे?



### बीजेपी का पलटवार- कांग्रेस को कामदार पीएम की सफलता नहीं पचती

वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर ज़ोरदार हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस कभी OBC समुदाय से आने वाले कामदार प्रधानमंत्री को स्वीकार नहीं कर सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पीएम की चायवाला पृष्ठभूमि और उनकी मां के नाम पर पहले भी बार-बार अपमान किया है। उनका कहना था- कांग्रेस ने 150 बार पीएम को गालियां दीं और बिहार में उनकी मां तक को नहीं छोड़ा। जनता कभी माफ नहीं करेगी। इससे 12 घंटे पहले बिहार भाजपा के एक्स हैंडल से एक एआई जनरेटेड वीडियो शेयर किया गया था। जिसमें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को मीडिया से बात करते हुए दिखाया गया। वीडियो में सीएम फेस को लेकर सवाल हो रहा है। जिसके बाद राहुल के पीएम बनने और तेजस्वी के सीएम बनने पर दोनों बहस करते दिखाई दे रहे हैं।

## जवानों ने 12 नक्सलियों को किया ढेर, 3 जवान बलिदान, ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद

जगदलपुर। दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। एनकाउंटर में 12 माओवादियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान बलिदान हो गए हैं, जबकि दो जवान घायल है जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी है, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि आज सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर



फायरिंग हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एएलआर राइफलें, .303 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया है। मारे गए माओवादियों की पहचान की जा रही है। इस ऑपरेशन में बीजापुर डीआरजी के दो जवान बलिदान हो गए हैं। बलिदान हुए जवानों के नाम प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, डीआरजी, आरक्षक दुकारू गोंडे, डीआरजी, जवान रमेश सोड़ी, डीआरजी हैं बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है। बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चैतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चैतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## संचार साथी ऐप : अब फोन में प्री-इंस्टॉल नहीं होगा, सरकार ने आदेश वापस लिया; विपक्ष ने जासूसी का आरोप लगाया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मोबाइल फोन में 'संचार साथी' एप को प्री-इंस्टॉल करने की अनिवार्यता को वापस ले लिया है। टेलिकॉम विभाग ने कहा कि एप की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए यह फैसला बदला गया है और अब इसे फोन कंपनियों के लिए अनिवार्य नहीं रखा गया। विभाग के मुताबिक, बुधवार दोपहर तक 1.40 करोड़ यूजर्स एप डाउनलोड कर चुके हैं, जो दो दिन में पहले के मुकाबले 10 गुना ज्यादा है।

बुधवार को लोकसभा में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भरोसा दिलाया कि यह एप किसी तरह की जासूसी नहीं करता। उन्होंने कहा कि संचार साथी एप सिर्फ वही डेटा लेता है जिसे यूज़र खुद फ्रॉड या स्पैम के रूप में रिपोर्ट करता है। न यह कॉल सुनता है, न मैसेज पढ़ता है और न ही किसी की निजी जानकारी चेक करता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एप पूरी तरह ऑप्शनल है। इसे यूज़र कभी भी अनइंस्टॉल कर सकते हैं। विवाद तब शुरू हुआ जब 28 नवंबर को DoT ने सभी मोबाइल कंपनियों को आदेश दिया था कि वे नए फोन में यह एप पहले से इंस्टॉल करके बेचें और पुराने फोन में सॉफ्टवेयर अपडेट से इसे जोड़ें। विपक्ष ने इस आदेश को जासूसी का प्रयास, निजता पर हमला और तानाशाही कदम बताते हुए कड़ा विरोध जताया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और रेणुका चौधरी समेत कई नेताओं ने कहा कि सरकार नागरिकों की निगरानी करना चाहती है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने संचार साथी ऐप को लेकर तंज कसते हुए कहा, संचार साथी नाम सुनकर धोखा मत खाइए, ये कोई साथी नहीं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इंडिगो ने क्रू की कमी के चलते 70 से ज्यादा उड़ानें रद्द कीं, कहा- तकनीकी खामियों के कारण हुई परेशानी



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को 70 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें बेंगलुरु और मुंबई हवाईअड्डों से जाने वाली उड़ानें भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार मुख्य रूप से चालक दल की कमी के कारण विमानों को रद्द करना पड़ा। इंडिगो की कई उड़ानें विभिन्न हवाई अड्डों पर लेट रहीं, क्योंकि कंपनी को अपनी उड़ानों के संचालन के लिए चालक दल जुटाने में परेशानी हुई। इंडिगो ने भी स्वीकार किया है कि उड़ानें रद्द की गई हैं और देरी हुई है।

### इंडिगो के प्रवक्ता बोले- तकनीकी खामियों के कारण परेशानी

एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, पिछले कुछ दिनों में प्रौद्योगिकी संबंधी समस्याओं, हवाईअड्डे पर भीड़भाड़ और परिचालन संबंधी आवश्यकताओं सहित विभिन्न कारणों से कई उड़ानों में अपरिहार्य देरी हुई है और कुछ उड़ानें रद्द हुई हैं। पीटीआई ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि एफडीटीएल मानदंडों के दूसरे चरण के कार्यान्वयन के बाद से इंडिगो को चालक दल की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द हो रही हैं और परिचालन में भारी देरी हो रही है। सूत्र ने कहा, एयरलाइन के लिए मंगलवार को स्थिति खराब हो गई और बुधवार को यह कमी और भी बदतर हो गई, जब देश के विभिन्न हवाई अड्डों से कई उड़ानें (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोल खदान के विस्तार का विरोधः नाराज ग्रामीणों ने पुलिस पर लाठी-डंडों से किया हमला


हमले में 40 पुलिसकर्मी घायल

अम्बिकापुर। सरगुजा जिला के अमेरा कोल खदान के विस्तार को लेकर ग्रामीण उग्र हो गए हैं, सैकड़ों ग्रामीणों ने लाठी डंडे गुलेल और कुल्हाड़ी से लैस होकर पुलिस बल पर हमला कर दिया।ग्रामीणों ने पथराव भी किया जिसमें 40 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। जवाबी कार्रवाई में आंदोलनरत लगभग एक दर्जन ग्रामीण घायल हुए हैं।

मौके पर भारी विरोध और तनाव के बीच अंबिकापुर से अतिरिक्त पुलिस बल को रवाना किया गया है।हालात देखते हुए पुलिस द्वारा आँसू गैस के गोले भी ग्रामीणों पर छोड़े गए है, और हल्के बल का प्रयोग भी किया गया है। जिसके कारण तनाव और बढ़ गया। पुलिस के अधिकारियों सहित एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट मौके पर मौजूद हैं। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस मशक्कत कर रही है। ग्राम परसोडी कला के ग्रामीण खदान विस्तार का विरोध कर रहे हैं, ग्रामीणों का आरोप है कि बगैर भूमि अधिग्रहण किये अमेरा खदान प्रबंधन के द्वारा खदान का विस्तार किया जा रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस बल मौके पर मौजूद है।

## छत्तीसगढ़ में ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभः अधिसूचना प्रकाशन की प्रक्रिया अब होगी पूरी तरह डिजिटल-त्वरित

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंत्रालय में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले उपस्थित थीं।



ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल पोर्टल के माध्यम से अब शासन के सभी विभाग तथा जिला कलेक्टरों द्वारा जारी आदेश, अधिसूचनाएँ, अध्यादेश एवं अन्य प्रकाशन सामग्री सीधे ऑनलाईन पाण्डुलिपि रूप में संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग को भेजी जाएगी, जहाँ से शासकीय मुद्रणालय इसे ई-गजट के रूप में ऑनलाइन प्रकाशित करेगा।

### राजपत्र प्रकाशन की प्रक्रिया अब डिजिटल होगी

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विकसित इस नई प्रणाली के तहत राजपत्र प्रकाशन की संपूर्ण प्रक्रिया अब डिजिटल माध्यम से संचालित होगी। पूर्व में विभागों एवं जिला कार्यालयों से मुद्रणालय तक पाण्डुलिपि भेजने की प्रक्रिया समयसाध्य और भौतिक संसाधनों पर आधारित थी, जिसे अब पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। नए ई-गजट पोर्टल के माध्यम से विभाग अपने आदेश एवं अधिसूचनाएँ सीधे अपलोड करेंगे तथा प्रकाशित राजपत्र भी सभी के लिए ऑनलाइन सुलभ रहेगा।

### अधिसूचना प्रकाशन के काम में आएगी तेजी

ई-गजट प्रणाली लागू होने से अधिसूचना प्रकाशन संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आएगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से न केवल प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि कार्य पूर्णतः पेपर-लेस होने से शासन की ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा। राजपत्रों का ऑनलाइन प्रकाशन पारदर्शिता, सुलभता और रिकॉर्ड प्रबंधन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ब्रह्मोस मिसाइल के एडवांस वर्जन पर समझौता संभव, पुतिन के भारत दौरे पर होंगे कई करार

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतीन 4-5 दिसंबर को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली आएंगे. सूत्रों के अनुसार इस दौरान व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, मीडिया और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से जुड़े कई महत्वपूर्ण समझौते और रूस पर साइन होने की संभावनाएं हैं. पुतिन का ये दौरा दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने का अवसर माना जा रहा है. भारत-रूस सामरिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने के मौके पर पुतिन का ये भारत दौरा हो रहा है जो दोनों देशों के बीच 23वां द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन होगा.फरवरी 2022 (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## एनएमआईएमएस के प्रतिनिधि मिले सीएम साय से नारसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का कैंपस खोलने का प्रस्ताव

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में नारसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रतिनिधि जगदीश वी पारिख ने सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विशेष प्रयासों तथा नई संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री पारिख ने मुख्यमंत्री को संस्थान द्वारा नया रायपुर के एडुसिटी में अपना कैंपस स्थापित करने के प्रस्ताव से अवगत कराया। उन्होंने एनएमआईएमएस द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। साथ ही श्री पारिख ने उन्हें आज आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी से हुए मुलाकात के बारे में बताया और उनके माध्यम से हर संभव विभागीय सहयोग मिलने की बात कही।



### युवाओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिलाना ही उद्देश्यः सीएम साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नया रायपुर में एडुसिटी का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि एडुसिटी के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्ट संस्थाओं में पढ़ने का अवसर मिलेगा और उन्हें बड़े शहरों की ओर जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नारसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के आने से राज्य के युवाओं को मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त होगी। एडुसिटी में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के संचालन से युवाओं के कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी और रोजगार के बेहतर अवसर सृजित होंगे।

### नया रायपुर में बन रही है एडुसिटी

उल्लेखनीय है कि, राज्य सरकार नया रायपुर को एजुकेशनल हब के रूप में विकसित करने के लिए एडुसिटी का निर्माण कर रही है। इसमें मल्टी-डिसिप्लीनरी यूनिवर्सिटी, रिसर्च सेंटर, इन्क्यूबेशन हब, डिजिटल लाइब्रेरी, विज्ञान एवं नवाचार केंद्र तथा अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना प्रस्तावित है। इससे प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, शोध और स्टार्टअप के अवसर मिलेंगे। नया रायपुर में पहले से ही आईआईआईटी, आईआईएम, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान संचालित हैं। एडुसिटी के विकसित होने से यहां शिक्षा का एक सशक्त और आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार होगा।

## रुपये में गिरावट से महंगाई या निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ रहा-सीईए वी अनंत नागेश्वरन



नई दिल्ली। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के बीच मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने बयान दिया है। गिरावट का सिलसिला जारी रखते हुए रुपया बुधवार को पहली बार डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर को पार कर गया, शुरुआती कारोबार में छह पैसे गिरकर 90.02 पर आ गया। नागेश्वरन ने सीआईआई कार्यक्रम के दौरान कहा कि सरकार रुपये में गिरावट को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा कि रुपये में गिरावट से महंगाई या निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले वर्ष इसमें सुधार होगा। बता दें कि वर्ष 2025 में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट आई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और बैंकों द्वारा डॉलर की निरंतर खरीद के बीच बुधवार को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 34 पैसे गिरकर 90.30 के नए निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अनुपस्थिति ने स्थानीय इकाई पर और दबाव डाला।

# पहला कॉलम...

## बीज प्रक्रिया केन्द्र में गेहूं एवं चना के बीजों को रखा गया सुरक्षित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रक्रिया केन्द्र राजनांदगांव में 135 क्विंटल गेहूं एवं 153 क्विंटल चना बीज को गोदाम क्रमांक 2 में दवाईयों का छिड़काव कर सुरक्षित रखा गया। समितियों में इन बीजों का भंडारण नहीं किया गया है। बीज प्रक्रिया केन्द्र द्वारा भंडारित बीजों के संबंध में कृषकों द्वारा कोई शिकायत नहीं मिली है एवं बीज प्रक्रिया केन्द्र से प्राप्त बीजों से कृषक संतुष्ट है। इस दौरान उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, बीज प्रबंधक बीज प्रक्रिया केन्द्र राजनांदगांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ऋषि मिश्रा को दिव्यांग रत्न से किया गया सम्मानित



डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग कल्याण समिति मेरठ द्वारा नेशनल लेवल के आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के ऋषि मिश्रा जो स्वयं 80 प्रतिशत दिव्यांग होते हुए भी अपने दिव्यांगता को शक्ति मानते हुए पैरा खेल के क्षेत्र, दिव्यांगता के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट कार्य किया है। ऋषि मिश्रा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश के मेरठ के अटल सभागृह में श्रम कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य मंत्री व श्रम कल्याण के अध्यक्ष सुनील भड़ाला द्वारा सम्मानित किया गया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित इस कार्यक्रम में ऋषि मिश्रा के साथ-साथ दिव्यांग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की ममता चंद्रवंशी को भी सम्मानित किया गया है। उन्हें मिले इस सम्मान से नगर के लोग गौरवान्वित हुए हैं। श्री मिश्रा को पहले भी कई संगठनों व संस्थानों द्वारा उनके कार्यो के लिए सम्मानित किया गया था। इसी कड़ी में इस वर्ष 2025 मेरठ दिव्यांग रत्न सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए मेरठ के अटल सभागार चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में दिया गया है।

## अखिल भारतीय पुरोहित पुजारी संघ द्वारा गीता जयंती का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुरोहित पुजारी संघ द्वारा गीता जयंती का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पुजारी पुरोहित संघ के द्वारा सभी मंदिरों में गीता जयंती मनाने का एक प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण का फोटो पर तिलक बंधन और पूजा के साथ किया गया। इसके बाद सामूहिक गीता पाठ किया गया। गीता पाठ के बाद मुख्य अध्यक्षता कर रहे पंडित देव कुमार निर्वाणी ने उद्बोधन दिया।

### गीता जयंती का महत्व

पंडित देव कुमार निर्वाणी ने कहा कि, श्रीमद्भगवद्गीता हिन्दू धर्म का एक पवित्र ग्रंथ है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध के आरंभ में अर्जुन को उपदेश दिया था। गीता जयंती का मुख्य कार्य या उद्देश्य श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान को याद करना, उसका अध्ययन करना और उसे अपने जीवन में अपनाना है।

कार्यक्रम में आरणा यादव ने भगवत गीता का श्लोक पढ़कर सुनाया। इसके बाद मोहल्लेवासियों के द्वारा प्रसाद वितरण का कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम में ओंकार खंडेलवाल, डोमेश्वरी देव निर्वाणी, सतीश तिवारी, अनिल नागवंशी, श्रीमती आशा वैष्णव, डोंगरगढ़ रूपमती निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, आरणा यादव, नेहा यादव, सरस्वती यादव, प्रकाश अखिलेश, शकुंतला परिहार, सरिता दास और अनीता ठाकुर उपस्थित रहे।

## आनंद श्रीवास्तव का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय पत्रकार धर्मेंद्र श्रीवास्तव के बड़े भ्राता आनंद श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त शिक्षक) का 73 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार दुर्ग स्थित मुक्तिधाम में किया गया।







# कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय मदों से विकास कार्यों के लिए बजट स्वीकृति में दी जाएगी प्राथमिकता- कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण, पोट्ठ लईका पहल अभियान, गर्भवती माताओं का पंजीयन, एएनसी एवं संस्थागत प्रसव, टीकाकरण सहित सभी योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण को पूर्णतः समाप्त करने के लिए सभी अपने दायित्वों को बेहतर तरीके से समय पर पूरा करें। उन्होंने कार्ययोजना बनाकर प्रत्येक ग्राम पंचायत को कुपोषण मुक्त करने कहा। इसके लिए जनसहभागिता से जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय मदों से विकास कार्यों के लिए बजट स्वीकृति में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अतिगंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में प्रवेश कराने तथा उनका नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी सेंटर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। इसके साथ भोजन की गुणवत्ता और पौष्टिक आहार बच्चों को उपलब्ध कराने कहा। जिससे एनआरसी में भर्ती बच्चे सुपोषण की श्रेणी में जल्दी आ पाएंगे। बैठक के इस दौरान कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों का शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



**कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों का शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन एवं हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकित करते हुए प्रसव के 15 दिवस पूर्व उन्हे सतत संपर्क करते हुए देखभाल पूर्ण टीकाकरण करना होगा। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाएं हमारे कार्य की प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी शिशु एवं मातृ मृत्यु न हो। कलेक्टर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु योजना की जानकारी ली। उन्होंने सभी स्कूलों के बच्चों का शत प्रतिशत स्वास्थ्य की जांच कराने कहा और इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने कहा कि जिले में कोई भी गर्भवती महिलाएं एवं कुपोषित बच्चे विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं से वंचित न रहे। गर्भवती महिलाओं का आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्वास्थ्य केन्द्र में अनिवार्य रूप से पंजीयन होना चाहिए। प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को आयरन एवं मल्टीविटामिन दवाई का सेवन कराने के लिए कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, मितानिन नोडल, बीसी, एसपीएस, सीडीपीओ, पर्यवेक्षक, एनआरएलएम के प्रभारी उपस्थित थे।

## आज अगहन बृहस्पति व्रत का अंतिम गुरुवार, पूजा सामग्रियों से सजा बाजार



**पूरे विधि-विधान से पूंजी जाएगी धन की देवी महालक्ष्मी**

राजनांदगांव (दावा)। आज अगहन बृहस्पति व्रत-पूजन का अंतिम गुरुवार है। धन की देवी महालक्ष्मी आज विधि-विधान के साथ पूजी जाएगी। अगहन बृहस्पति व्रत को लेकर महिलाओं द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। चूंकि आज अगहन मास का अंतिम गुरुवार होने के कारण मां लक्ष्मी की पूजन के लिए महिलाओं में विशेष उल्लास बना हुआ है। इधर मां महालक्ष्मी पूजन के लिए बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी रही, जहां महिलाओं से लेकर पुरुषों द्वारा अपने धर में अगहन बृहस्पति व्रत के लिए पूजा सामानों की खरीदारी की गई।

पूजा सामग्रियों बेचने वालों ने बताया कि, अगहन बृहस्पति पूजा में मौसमी फल फूल आम के पत्ते आंवला व आंवला पत्ते, केला पान, सिंघाड़ा, हल्दी, कमल फूल, अमरूद के अलावा माता की चूनरी, चूड़ी व अन्य सौंदर्य सामग्री सहित नारियल, पान- सुपारी की खासी मांग बनी रही। उक्त पूजा सामग्रियों का पूरा सेट 50 रुपए से लेकर 70-80 रुपए तक दिया जा रहा था। उक्त पूजा सामग्रियों की जमकर खरीदारी हुई।

बताया जाता है कि धन की देवी मां महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए अगहन बृहस्पति का व्रत रखा जाता है और व्रती महिलाओं द्वारा सुबह दोपहर और शाम तीन प्रहर पूजा की जाती है।

मां महालक्ष्मी को श्वेत चीजों से बने व्यंजनों का भोग लगाया जाता है जिसमें दूध फरा चीला खीर आदि सुस्वादु व्यंजन मातारानी को अर्पित किए जाते हैं। पूरा मनोयोग से पूजा किए जाने से धन की देवी मां महालक्ष्मी लोगों को घर परिवार में सुख शांति और समृद्धि खुशहाली का आशीर्वाद प्रदान करती है।

## तेलंगाना के सीएम रेड्डी के हिंदू विरोधी बयानों की सनातन धर्मसभा ने की निंदा



**सनातन विरोध तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म महासभा ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेडी के हिंदू विरोधी बयानो की घोर निंदा की है और इसको उसकी निम्न मानसिकता का परिचायक बताया है।

सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने रेवंत रेड्डी के बयानों की तीव्र निन्दा व भर्त्सना करते हुए कहा कि, आदि काल से चला आ रहा सनातन हिंदू धर्म व अपने 33 कोटि देवी देवताओं को पूजता है। इसमें जल वायु पेड़ पौधे वृक्ष के अलावा ग्रह-नक्षत्र चंद्रमा-सूरज भी पूजित है। कण-कण में भगवान का वास मानने वाला हिन्दू समाज जड़ जीवों से लेकर प्राणि मात्र की चिंता करता है और सदियों से इसी जीवन को जीते आ रहा है।

उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी जैसे गंदे लोग अपनी निम्न मानसिकता पाले हुए सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए सत्य सनातन धर्म को हिंदू धर्म को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि सनातन हिंदू धर्म में सर्वे भवन्तु सुखिन की सोच पर चलता है। पशु पक्षी पेड़ पौधे सभी से प्यार करने वाला हिन्दू समाज कभी हिंसा नहीं करता ना किसी की बली चढ़ाने की बात करता। यदि हिंदू समाज पर घटिया मानसिकता के लोगों द्वारा इस तरह का प्रहार किया जाता रहा तो उन्हें सोच लेना चाहिए कि इस धर्म में भगवान परशुराम जैसे महान तपस्वी व धर्म विरोधी लोगों का समूल नाश करने वाले अवतारी पुरुष भी हुए हैं। इन परिस्थितियों में समस्त सनातनी हिंदू धर्म के लोगों को भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने पर देर नहीं लगेगी। धर्म सभा द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित कर इन तरह के मानसिकता वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## संस्कृत भारती/गीता जयंती महोत्सव मनाया गया








राजनांदगाँव(दावा)। संस्कृत भारती राजनांदगांव के तत्वावधान में विगत दिनों नीरज पैरेन्ट्स प्राईड विद्यालय बल्देव बाग में गीता जयंती का भव्य कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज बाजपेयी ने कहा कि, गीता जीवन का सार है, जिस व्यक्ति को इस गीता रूपी गुटखे की लत लग गई उसका मनुष्य जीवन लेना सार्थक है। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा ने कहा कि जीवन जीने की भव्यतम दिव्यतम कल्पना का साकार रूप श्रीमद्भगवद्गीता है । जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नही जिसे गीता ने स्पर्श न किया हो जीवन की ऐसी कोई समस्या नही जिसका समाधान गीता से ना प्राप्त किया जा सके।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कौशल वर्मा ने बताया कि, गीता मनुष्य को धर्म के मार्ग पर चलने और बिना फल की चिंता किए सही कर्म करने की शिक्षा देती है। मुख्यवक्ता डॉ. शंकरमुनि राय ने कहा कि, गीता में ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग जैसे मार्गो के बारे में बताया गया है, जो मन को नियंत्रित करके वैराग्य और आंतरिक ज्ञान से सच्ची शन्ति प्राप्त की जा सकती है ।

कार्यक्रम की संयोजिका एवं इस अवसर पर संस्कृतभारती की जिला मंत्री डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा, प्रान्त शिक्षण प्रमुख नरेंद्र साहू, जनपद शिक्षण प्रमुखा सुश्री नीलम श्रीवास्तव, प्रचार-प्रसार प्रमुख सतीश तिवारी, सम्पर्क प्रमुख नरेन्द्र धमगेश्वर, डॉ.आर.एन.विश्वकर्मा, डॉ. भगवानी निषाद, संतोष वर्मा, पिंकी साहू, श्यामा झा, लता देवांगन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सुधांशु महाराज का सत्संग प्रारंभ पहुचे सैकड़ों भक्त



डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सद्गुरु सुधांशु महाराज का राजधानी रायपुर में पूर्णिमा के पावन अवसर पर 4 दिसंबर को पदार्पण हुआ। 4 से 7 दिसंबर तक राजधानी के बलवीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में चल रहे सत्संग में भाग लेने डोंगरगढ़ क्षेत्र से भी सैकड़ो की तादाद में साधक रायपुर पहुंच गए हैं।

डोंगरगढ़ मंडल के अध्यक्ष एन.आर. देवांगन ने बताया कि यह दिव्या भक्ति सत्संग प्रतिदिन सुबह 9 से 11:30 बजे तक और शाम को 5 से 7:30 बजे तक रविवार तक अनवरत चलेगा। रविवार को मंत्र दीक्षा का कार्यक्रम भी रखा गया है। रायपुर मंडल के द्वारा आवास की व्यवस्था निःशुल्क रखी गई है। क्षेत्र से पहुंचने वाले साधक राजधानी रायपुर में डोंगरगढ़ मंडल की तरफ से निःशुल्क भोजन का भंडारा भी आयोजित कर रहे हैं। साथ ही उन्हें डोंगरगढ़ आने का निमंत्रण भी दे रहे हैं।

## लखोली वार्ड नं. 36 में नाली व सड़क निर्माण की माँग तेज



राजनांदगांव(दावा)। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को आज कांग्रेस कमेटी शहर दक्षिण ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष संदीप सोनी के नेतृत्व में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें लखोली स्थित संजय नगर वार्ड क्रमांक 36 की लंबे समय से उपेक्षित मूलभूत समस्याओं नाली निर्माण एवं जर्जर सीसी सड़क के सुधार को प्राथमिकता से हल करने की माँग की गई। श्री सोनी ने बताया कि वार्ड की गली में अनेक मकान हैं लेकिन आज तक नाली का निर्माण नहीं होने से घरों का दूषित पानी बहाने के लिए लोगों को निजी प्लॉटों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। वहीं एक ही स्थान पर पानी लगातार जमा होने से मच्छर, मक्खी व अन्य हानिकारक कीटों का खतरा बढ़ गया है जिसके कारण बीमारियों की आशंका बनी रहती है।

लगभग चार वर्ष पहले बनाई गई सीसी सड़क अब टूट-फूटकर बदहाल स्थिति में पहुँच चुकी है जिससे लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने इसे अत्यंत आवश्यक कार्य बताते हुए तुरंत मरम्मत की माँग की है। संदीप सोनी के नेतृत्व में पहुँचे प्रतिनिधिमंडल की बात सुनते हुए आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वयं स्थल का निरीक्षण करने और नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से संदीप सोनी के साथ मानिक सिन्हा, ललित वर्मा, सुंदर खरे, श्याम वर्मा, विकास यादव, टार्जन साहू, अब्बास खान, रजा खान, संजय तिवारी, सुरेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## अजाक्स जिला इकाई राजनांदगांव की नई टीम का शपथ ग्रहण समारोह 6 को

राजनांदगांव (दावा)। अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला इकाई राजनांदगांव की नई निर्वाचित टीम 2025 का बहुप्रतीक्षित शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन जिले के उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति में दिनांक 6 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को आदिवासी कंवर समाज के सांस्कृतिक भवन रेवाडीह वार्ड राजनांदगांव में किया जा रहा है। जिसमें नव निर्वाचित टीम के सदस्यों को डॉ.लक्ष्मण भारती प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ अजाक्स, रायपुर की अध्यक्षता में कराया जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव जिले के सभी चारों विकासखंडों यथा राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और छुरिया के सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित पूरी टीम तथा सभी विभागों के अधिकारीगणों और कर्मचारियों की विशाल जनसंख्या की भौतिक उपस्थिति में होने जा रहा है।

नवनिर्चित टीम में सी.एल. चंद्रवंशी, राजकुमार नागदेवे जिला संरक्षक, मेघनाथ भूआर्य कार्यकारी जिला अध्यक्ष, डेविड कुमार भूआर्य निवर्तमान जिला अध्यक्ष, खेमलाल देशलहरे जिला कोषाध्यक्ष, विरेन्द्र कुमार रंगारी जिला सचिव, श्रीमती कुमुदिनी वैद्य, ठाकुर राम चंद्रवंशी, भूषण कुमार भूआर्य और अमिताभ दुफारे जिला उपाध्यक्ष, प्रशांत सुखदेवे जिला सह सचिव, शीतल कुमार टंडन जिला मीडिया प्रभारी, श्रीमती अनिता अमेला जिला संगठन मंत्री, रितेश रंगारी, कपूरचंद डोंगरे, महादेव वाल्दे, रेवाराम चंद्रवंशी, राजेश नागदेवे, ईश्वर चंद्रवंशी, प्रहलाद ठाकुर, देवसिंग अमेला, रघुलाल कंवर, श्रीमती रेणु जामगढ़े, श्रीमती पुष्पा दामले आदि कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। अजाक्स संगठन छत्तीसगढ़ निर्माण के साथ ही छत्तीसगढ़ अजाक्स के रूप में सतत रूप से क्रियाशील है और समय समय पर अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाज़ बुलंद करने के साथ ही अपने जायज और संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्षरत है और आगे भी रहेगा। राजनांदगांव की जिला इकाई ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संपूर्ण जिले के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील की है। यह जानकारी अजाक्स के नवनिर्वाचित जिला सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी ने दी।

### //आम सूचना//

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार आदित्य नवलखा आ. श्री ज्ञानचंद जैन निवासी- मकान नं. 57, वार्ड क्र. 32/36, ओसवाल लाईन, राजनांदगांव तह.व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की तरफ से यह सूचित करता हूं कि एक संपत्ति जो कि मौजा कामठी लाईन, राजनांदगांव की है, जिसका नजूल शीट नं. 48 डी, भूखण्ड क्रं. 2/2, कुल रकबा 306.47 वर्गमीटर को हमने पंजीकृत बैनामा दिनांक 21/02/2022 द्वारा क्रय किया था तथा क्रय पश्चात इस संपत्ति का नजूल विभाग द्वारा दिया गया फार्म H रजिस्टर्ड पट्टा प्रदान किया गया। तत्पश्चात पंजीयन कार्यालय राजनांदगांव से रजिस्टर्ड मूल पट्टा दिनांक 09/08/2018 की मूल प्रति जो कि मेरे आधिपत्य में था उक्त मूल रजिस्टर्ड पट्टा हमसे कहीं गुम हो गई है, जिसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने में दिनांक 02/12/2025 को दर्ज करवाई गई है।अतः उपरोक्त परिस्थितियों में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को उपरोक्त वर्णित भूमि तथा उस पर निर्माण पर किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावें, समयावधि के पश्चात उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, एसएमई शाखा राजनांदगांव (छ.ग.) में बंधक रखकर ऋण की प्रक्रिया पूर्ण करेगा, तत्पश्चात किया गया कोई भी दावा आपत्ति अवैध व शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

स्थानः- राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक 02/12/2025
कार्यालय समयः-
सुबह 10.30 बजे से
शाम 7.30 बजे तक

भवदीय - सुमंत बख्शी(अधिवक्ता)
निवासी- ऑफिस नं. 211,द्वितीय तल,
सन सिटी जंक्शन, सन सिटी
कंचनबाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं. 9826156704

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेख शादाब (SHEIKH SHADAB) पिता शेख शरीफ निवासी गोल बाजार वार्ड नंबर 26, मकान नंबर 538, जिला-राजनांदगांव पिन नंबर 491441 (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मेरे दसवीं के अंकसूची में अंग्रेजी के नाम में त्रुटिवश मेरा नाम शिख शादाब (SHEKH SHADAB) पिता शेख शरीफ लिखा है जिसे त्यागकर नया नाम शेख शादाब (SHEIKH SHADAB) पिता शेख शरीफ रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम शेख शादाब (SHEIKH SHADAB) पिता शेख शरीफ से ही जाना व पहचाना जावे।

शेख शादाब
निवासी- गोलबाजार, वार्ड नंबर 26
मकान नंबर 538, राजनांदगांव (छ.ग.)

## प्राचार्य पदोन्नति पर ओमप्रकाश देवांगन का हुआ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यरत व्याख्याता ओमप्रकाश देवांगन के मोहड़ डोंगरगांव हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य के रूप में पदोन्नत होने पर शाला परिवार ने सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवशरण सेन, शाला की प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे, समिति सदस्य राजेश यादव, लोमश साहू, दिलीप देवांगन, सुरेश जैन, के. ऋषि कुमार, भूआर्या, आर.एन. साहू, थॉमस मैडम, प्रधान पाठिका श्रीमती रमा साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। समिति सदस्यों एवं शिक्षकों ने ओमप्रकाश देवांगन के उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान, सरल स्वभाव और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-4-6
669-1 255-2

राजधानी
3-5-7
128-1 223-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# केंद्र व राज्य सरकार आदिवासियों के हितों की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित - सीएम साय

अंबागढ़ चौकी/मोहला (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों की हितों की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री श्री साय आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंबागढ़ चौकी क्रिकेट मैदान में आयोजित जनजाति गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। श्री साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह, महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष जिला श्रीमती किरण वैष्णव, पूर्व विधायक संजीव शाह, जनजाति गौरव समाज के प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. ठाकुर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि देवलाल ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश जैन गुजराती एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने 475 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने अंबागढ़ चौकी को राजस्व अनुभाग बनाने तथा अंबागढ़ चौकी में सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम निर्माण करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने आज आयोजित समारोह के माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। समारोह में श्री साय ने वर्चुअल माध्यम से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के हितग्राहियों के खाते में के 22वीं किस्त की राशि का अंतरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार के द्वारा जनजाति समाज के उत्थान एवं हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, धरती आबा जन भागीदारी एवं ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजाति परिवार के लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री जनमन एवं ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्षों का कार्यकाल पूर्ण हो जाएगा। हमारी सरकार ने दो वर्षों के कार्यकाल मोदी के गारंटी के तहत किए गए सभी वायदों को पूरा किया है। इसके अंतर्गत महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह माता-बहनों के खातों में 1000 रुपए की राशि अंतरित करने के अलावा 3100 रुपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी के अलावा तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु 5500 रुपए मानक बोरा के हिसाब से दर का निर्धारण एवं तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका वितरण जैसे अनेक जनकल्याणकारी योजना संचालित कर उनका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा देश एवं राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधक लाल आंतक नक्सलवाद को मार्च 2026 तक समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा भी केंद्र सरकार साथ के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में अत्यंत ठोस एवं सार्थक कार्य किया जा रहा हैं। शीघ्र ही हमारा शांति प्रिय छत्तीसगढ़ राज्य नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। इसके पश्चात राज्य में विकास की अनवरत गंगा बहाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी द्वारा जनजाति समाज की हितों की रक्षा एवं उनके उत्थान हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अलावा पृथक से जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन भी किया गया। उन्होंने कहा कि आज जनजातीय कार्य विभाग का बजट हमारे राज्य के आधे बजट के बराबर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने अंबागढ़ चौकी जिलेवासियों एवं आदिवासी समाज कि लोगों को जनजाति गौरव सम्मान समारोह की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**० मुख्यमंत्री ने अंबागढ़ चौकी में आयोजित जनजाति गौरव सम्मान समारोह में किया 475 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण**
**० अंबागढ़ चौकी को राजस्व अनुविभाग बनाने तथा ऑडिटोरियम निर्माण करने की घोषणा की**
**० महतारी वंदन योजना के 22वीं किस्त की राशि का हितग्राहियों के खाते में किया अंतरण**

इस अवसर पर उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन एवं राष्ट्र के नव निर्माण में जनजाति समाज के महापुरुषों एवं राष्ट्र भक्तों के योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज सहित संपूर्ण भारतवर्ष का गौरव बताते हुए, उनके अदम्य साहस, वीरता एवं राष्ट्रभक्ति को अनुपम एवं अद्वितीय बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की अल्प आयु में ही अंग्रेजी सरकार की गलत नीतियों एवं आदिवासियों हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के राष्ट्र निर्माण में योगदानों को चिरस्मरणीय बनाने हेतु 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा का भव्य जयंती का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, केंद्र व राज्य सरकार के जन हितैषी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप आज संपूर्ण देश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य में भी व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में जनजाति समाज के अलावा संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विकास नई इबारत लिखी जा रही है। जिसके फलस्वरूप आज बस्तर से लेकर सरगुजा तक राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले तक देश एवं प्रदेश में जो नक्सलवाद का तांडव चल रहा था। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी सोच, दृढ़ इच्छा शक्ति एवं ठोस रणनीति के फलस्वरुप अब नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भी अब नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 3100 रुपए कि दर से धान खरीदी करने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री साय के नेतृत्व में शीघ्र ही हमारा राज्य नक्सलवाद से मुक्ति पाकर शांति और विकास का नया इबारत लिखने जा रहा है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ने दी। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य में अधोसंरचना से जुड़े अनेक कार्यों को मूर्त रूप देने के अलावा मानवीय संसाधनों के विकास तथा सामाजिक समरसता कायम करने के अलावा विकास में सबसे बड़ा बाधक नक्सलवाद को भी अंत करने की दिशा में निर्णायक कार्य किया जा रहा है। शीघ्र ही पूरे देश के साथ-साथ हमारा शांतिप्रिय राज्य छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने जनजाति समाज के महापुरुषों एवं देशभक्ति का राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण में योगदानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाले केंद्र एवं राज्य की सरकार आदिवासियों के हितों की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। जिसके फलस्वरूप आज भारत के राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद पर आदिवासी समाज की महिला विराजमान है। इसके अलावा राज्य की बागडोर भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जैसे कुशल एवं सक्षम व्यक्ति के हाथों में सौंपा गया है। जो कि हम सभी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, जनजाति गौरव समाज के प्रदेश अध्यक्ष एमडी ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदिवासी समाज का राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी समाज के नायकों एवं महापुरूषों के योगदानों तथा राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन के जिला सचिव नीलकंठ कोमरे ने आदिवासी समाज एवं जिले के प्रमुख मांगों की ओर मुख्यमंत्री एवं अतिथियों का ध्यान आकृष्ट कराया। समारोह में अतिथियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनजातीय समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित करने के अलावा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर जनपद अध्यक्ष पुनऊ राम फुलकांवरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता सोरी, जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी, तिलक सोरी, डीआर आचला, नरेंद्र नेताम, जगत सलामे, संत कुमार नेताम, आत्माराम चंद्रवंशी, डॉ देवेंद्र महला, जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन के अध्यक्ष लोकेश्वर ठाकुर, योगेंद्र कोड़पे, अरविंद गोटे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुखों के अलावा कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम तथा बड़ी संख्या में समाज प्रमुख जनजाति समाज के लोगों के अलावा आम नागरिकगण उपस्थित थे।

## विश्व एड्स दिवस पर जिले भर में जागरुकता की अलख, जनकल्याण सामाजिक संस्थान का अभियान सराहनीय






राजनांदगांव (दावा)। विश्व एड्स दिवस पर जिले में जागरूकता की एकजुट मुहिम देखने को मिली। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव ने विभिन्न क्षेत्रों में एचआईवी/एड्स जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की। संस्था की टीम ने 10 से अधिक ग्रामों और शिक्षण संस्थानों में रैली, संगोष्ठी, प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता सहित कई गतिविधियां करते हुए लोगों को एड्स से बचाव की जानकारी दी।

जिले के जिन प्रमुख स्थानों में कार्यक्रम हुए उनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी, ग्राम पंचायत बोटेपार, उप-स्वास्थ्य केंद्र भेड़ीकला और डुमरीकला, रानी अवंतीबाई महाविद्यालय रामाटोला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाटोला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहड़ए कोहका और बढ़ईटोला (खैरागढ़) शामिल रहे। युवा वर्ग, महिलाएं, मितानिन पंचायत प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ और छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने संदेशपरक डिजाइनों के जरिए एड्स जागरूकता को रेखांकित किया। रैलियों में एचआईवी संक्रमण के कारणों और बचाव संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार हुआ। लोगों को पंपलेट और रेड रिबन वितरित कर सुरक्षित व्यवहार अपनाने की अपील की गई।

एचआईवी संक्रमण के चार प्रमुख कारण बताए गए, जिसमें असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त का चढ़ाना, संक्रमित सिरिंज-नीडल का पुनः प्रयोग, संक्रमित गर्भवती महिला से शिशु में संक्रमण शामिल थे। सुरक्षित यौन संबंध (कंडोम का उपयोग), जांच किए हुए रक्त का प्रयोग, हमेशा नई सिरिंज का इस्तेमाल और संक्रमित गर्भवती महिला का संस्थागत प्रसव प्रमुख उपायों के रूप में बताए गए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को एनएसीओ हेल्पलाइन नंबर 1097 की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की सफलता में डीआरपी जितेंद्र कुमार जंघेल, सुपरवाइजर रेवा साहू, राखी साहू, क्लस्टर लिंक वर्कर ललित भीमकार, कांति कोसर, चित्रलेखा साहू, काजल, चमेली साहू, ज्योति, संतोषी खान, किरण साहू, सीमा साहू, सविता विश्वकर्मा, द्रोपती मानिकपुरी, मीनू साहू, पवन ठाकुर, सीमा, प्रीति साहू, सरस्वती साहू, जानकी साहू, धर्मेंद्र वर्मा सहित पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संत संताजी जगनाड़े महाराज की 401वीं जयंती उत्सव 8 को

**महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा निकाली जाएगी बाइक रैली**



राजनांदगांव (दावा)। महाराष्ट्रीयन तेली समाज के संत आराध्य देव जगनाडे महाराज की जयंती 8 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मोटरसाइकिल रैली और पूजा अर्चना आरती का कार्यक्रम रखा गया है। मोटरसाइकिल रैली श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर स्वर्ग धाम इंदिरा सरोवर लोहार पारा से सुबह 9:30 बजे निकलकर नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन पारा स्थित सामाजिक भवन परिसर में समाप्त होगी। तत्पश्चात सुबह 11:00 संत महाराज की पूजा अर्चना व महाआरती का कार्यक्रम होगा। समाज के सचिव चंद्रशेखर बनवाकर, उपाध्यक्ष संतोष समरीत व कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी ने समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है। उक्त जानकारी समाज के अरुण घाटोडे व अभिषेक गिरेपुंजे ने दी।

## जिला प्रशासन द्वारा मातृ मृत्युदर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में की गई महत्वपूर्ण पहल



**गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की जा रही**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत राजनांदगांव जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जा रही है, तथा प्रत्येक सप्ताह फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जा रही है एवं प्रसव के 15 दिन पूर्व उनके घर प्रति दिवस मितानिनों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। जिले में विशेष पहल करते हुए निजी संस्थानों से समन्वय कर हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इसके अंतर्गत विधि डायग्नोस्टिक सेंटर में निजी सोनोलॉजिस्ट डॉ. अमित मोदी द्वारा 6 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल आयोजन से जिले में मातृ मृत्युदर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान करना है। इस अभियान अंतर्गत उन महिलाओं की जांच की जाती है, जिनका पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन व ऊंचाई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित हो। महिलाओं हेतु सोनोग्राफी जांच कराये जाने की सलाह दी जाती है, जिससे गर्भवती महिलाओं की निदानिक स्थिति के अनुसार उचित देखभाल संभव हो सके।

## राज्य स्तरीय युवक-युवती सम्मेलन एवं शपथग्रहण समारोह साहू सदन में 7 दिसंबर को

राजनांदगांव (दावा)। शहर के जिला साहू सदन में जिला साहू संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 7 दिसंबर दिन रविवार को प्रातः11 बजे से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं तहसील साहू के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों का शपथग्रहण सहित सामाजिक दर्पण पत्रिका का विमोचन किया जायेगा।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए राजनांदगांव जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू एवं महामंत्री नीलमणि साहू ने बताया कि रविवार सात दिसंबर को साहू सदन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय वृहद युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं तहसील साहू संघ के शपथग्रहण समारोह को लेकर जिले के समस्त पदाधिकारियों के द्वारा जोर-शोर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

भागवत साहू एवं नीलमणि साहू ने आगे बताया कि, इस आयोजन में मुख्य अतिथि राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.नीरेन्द्र साहू, विशिष्ट अतिथि



**0 कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं कई वीआईपी होंगे शामिल**
**0 परिचय सम्मेलन से समय और धन की होती बचत-भागवत साहू**

मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण एवं पूर्व अध्यक्ष छ.ग.साहू संघ, संदीप साहू विधायक कसडोल एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा, भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, श्रीमती छन्नी साहू पूर्व विधायक खुज्जी, जितेन्द्र साहू, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छ.ग. शासन, श्रीमती किरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष के गरिमामय उपस्थिति में होगा। उन्होंने बताया कि समारोह का प्रारंभ रविवार 7 दिसंबर को साहू सदन में सुबह 11बजे संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जी के समक्ष आतिथ्यद्वय के करकमलों से दीप प्रज्वलित कर एवं सामूहिक आरती एवं पूजा अर्चना के साथ होगी तथा इसी के साथ श्री गणेश होगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोपहर दो बजे से अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। छत्तीसगढ़ स्तरीय वृहद युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं तहसील साहू संघ के शपथग्रहण समारोह में जिला अध्यक्ष भागवत साहू जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, नीरा साहू महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू ने इस अवसर पर सामाजिक बंधुओं एवं सामाजिक पदाधिकारियों से उक्त समय एवं तिथि में गरिमामय अवसर पर अपनी गरिमामय उपास्थिति प्रदान करने की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष अंकालू साहू ने दी।

## आज 6 प्रकरणों में 20 लाख 13 हजार 760 रूपए मूल्य के 649.60 क्विंटल (1624 बोरा) अवैध धान जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 6 प्रकरणों में 20 लाख 13 हजार 760 रूपए मूल्य के 649.60 क्विंटल (1624 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 144 प्रकरणों में 5 करोड़ 46 लाख 27 हजार 766 रूपए मूल्य के 17621.86 क्विंटल (44055 बोरा) अवैध धान एवं 8 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 2 प्रकरण में 17 लाख 53 हजार 360 रूपए मूल्य के 565 क्विंटल (1414 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 3 प्रकरण में 2 लाख 29 हजार 400 रूपए मूल्य के 74 क्विंटल (185 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 31 हजार रूपए मूल्य के 10 क्विंटल (25 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 59 प्रकरणों में 3 करोड़ 19 लाख 13 हजार 880 रूपए मूल्य के 10294.80 क्विंटल (25737 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 42 प्रकरण में 1 करोड़ 8 लाख 91 हजार 106 रूपए मूल्य के 3513.26 क्विंटल (8783 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 43 प्रकरणों में 1 करोड़ 18 लाख 22 हजार 780 रूपए मूल्य के 3813.80 क्विंटल (9535 बोरा) अवैध धान एवं 4 वाहन जप्त किया गया है।

जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

## सवा करोड़ की शेयर ट्रेडिंग ठगी का पर्दाफाश : ओडिशा से 2 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस और सितंबर सेल की संयुक्त कार्यवाही से सवा करोड़ की शेयर ठगी का पर्दाफाश किया गया है इस कार्रवाई में साइबर ठग गिरोह के अन्य 2 सदस्यों को ओड़िसा से धर दबोचा गया है और उन्हें जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है। बता दें कि इस कार्रवाई मे पुलिस ने साइबर ठगी के जाल को तोड़ते हुए पुलिस द्वारा अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम ने बताया कि सिटी कोतवाली थाना के शेयर टेड्रिंग मामले में साईबर अपराधियों द्वारा एक युवा व्यापारी को फर्जी वेबसाईट का लिंक भेजकर ज्यादा मुनाफा दिलाने के नाम पर 1,21,53,590 (एक करोड़ ईक्कीस लाख तिरेपन हजार पांच सौ नब्बे) रूपये का ठगी किया गया था। उक्त पर सायबर सेल एवं थाना कोतवाली द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये तकनीकी सहायता से मामले में पूर्व में 3 आरोपियों को मध्यप्रदेश सिहोर व इंदौर क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

**ठगी के दो और आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे**

अब इसी कड़ी में गिरोह के अन्य 02 आरोपियों को भुवनेश्वर ओडिसा से पकड़कर लाया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा खाता धारकों के मोबाईल में एपीके एप्प इंस्टाल कराकर ओटीपी व मोबाईल का एक्सेस साईबर ठग गिरोह तक पहुचांता था। आरोपियों को कमीशन क्रिप्टो (एसडीटी) में मिलता था। साईबर ठग गिरोह टेलीग्राम प्लेट फार्म में सक्रिय रहकर घटना को अंजाम देते थे।

उन्होंने बताया कि अब म्यूल एकाउट प्रोवाईडर के साथ-साथ खाता धारकों एवं बैंक खाता एकत्रित कर फ्राडस्टर को म्यूल खाता व सिम प्रदान करने वाले एजेंटों और फ्रॉड का रकम निकालने वालों पर कार्यवाही होगी।

**0 लोगों को रकम दुगुना करने के देते थे लालच**

गिरफ्तार आरोपी धर्मेन्द्र व उसका साथी राजेश मंडल विदेशों में स्थित स्कैम सेंटर के लिये बैंक खाता की व्यवस्था करते थे एवं बैंक खाता उपलब्ध होने पर साईबर ठग गिरोह के सदस्यों के कहने पर देश के विभिन्न जगहों जैसे कोलकाता, बैंगलोर, ओडिसा जाकर कमीशन में लेयर-01 का बैंक खाता खरीदकर उन बैंक खाता को स्कैम सेंटर तक पहुंचाने के लिये खाता धारक के रजिस्टर्ड मोबाईल में एपीके एप्प इंस्टाल कर अपने पास रखते थे ताकि उस बैंक खाते को उनके साथी जोकि विदेशों में बैठकर साईबर ठगी करते है के पास पहुंच सके एपीके एप इंस्टाल करते ही खाता से संबंधित ओटीपी, मैसेज सीधे साईबर ठग तक पहुंच जाती थी और ठगी का पैसा उन बैंक खाता में प्राप्त कर अन्यत्र लेनदेन करते है। इसके अलावा गिरफ्तार दोनों आरोपियों द्वारा खाताधारक को अपने पास किसी होटल में रख कर उनके खाता में पुरे ट्रांजेक्शन के दौरान खाताधारक की निगरानी करते थे ताकि, खाताधारक ठगी का पैसा निकाल न सके। इसके अलावा गिरफ्तार आरोपी खाता का एटीएम कार्ड व चेक बुक अपने पास रखते थे। गिरफ्तार आरोपियों को प्रति बैंक खाते कमिशन 20-25 हजार रूपये क्रिप्टो यूएसडीटी के रूप में मिलता था।

गिरफ्तार आरोपी धर्मेन्द्र कुमार व उसका साथी राजेश हाल में ही भुनेश्वर ओडिसा आकर कमिश्न में बैंक खाता लेकर उसे ठगी हेतु खाता धारक को अपने पास निगरानी में रखकर रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर में एपीके ऐप इंस्टाल करके अपने गिरोह के माध्यम से उस खाते में ठगी का पैसे प्राप्त कर रहा था उसे रंगे हाथ पकड़ा गया आरोपी धर्मेन्द्र के कब्जे से 03 नग एटीएम कार्ड व 03 नग मोबाईल सेट जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध प्रार्यप्त साक्ष्य व सबूत मिलने से बुधवार 3 नवंबर को ज्यूडिसियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## अनमोल दावा

**"क्रोध और लालच इंसान को बर्बाद कर देता है।"**

## एसआईआर के खिलाफ खोखले मोर्चे : बगैर एसआईआर के मतदाता सूचियों की गड़बड़ी को सही कैसे किया जा सकता है?

निःसंदेह बीएलओ की समस्याओं का समाधान होना ही चाहिए और इसके लिए आवश्यक हो तो एसआईआर की समय सीमा और बढ़ाई जाए, लेकिन इसका कोई मतलब नहीं कि विपक्षी दल वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायत भी करें और एसआईआर भी न होने दें। यदि विपक्ष यह समझता है कि एसआईआर मतदाता सूचियों की गड़बड़ियों को ठीक करने का उचित उपाय नहीं तो फिर उसे यह बताना चाहिए कि सही तरीका क्या है? मौजूदा विपक्ष की समस्या यह है कि वह सरकार के साथ संवैधानिक संस्थाओं की नीयत पर शक करने की आदत से ग्रस्त हो गया है और यह एक ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज किसी के पास नहीं।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के खिलाफ एक मोर्चा संसद में खुला है तो दूसरा सुप्रीम कोर्ट में। ये दोनों मोर्चे तभी खुल गए थे, जब चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने का निर्णय लिया था। यह निर्णय सामने आते ही कुछ विपक्षी दलों ने इसे वोट चोरी की संज्ञा दे दी। उनकी और विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की ओर से इस दलील की आड़ में दुष्प्रचार किया जाने लगा कि एसआइआर का उद्देश्य उनके समर्थकों के वोट काटना और इस तरह विधानसभा चुनावों में भाजपा की मदद करना है।

चूंकि एसआईआर को वोट चोरी बताया जाना ध्यानाकर्षण करने वाला जुमला था, इसलिए उसे जोर-शोर से तूल तो दिया जाने लगा, लेकिन यह स्पष्ट करने की जरूरत नहीं समझी गई कि क्या सारे बूथ लेवल आफिसर यानी बीएलओ सत्ताधारी दल के समर्थक हैं और क्या उन्हें यह पता चल जाता है कि कौन व्यक्ति किस दल को वोट देता है? बिहार में एसआईआर के दौरान एक ओर जहां कांग्रेस और राजद नेता वोटर अधिकार यात्रा निकालते रहे, वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में इस प्रक्रिया के खिलाफ सुनवाई भी होती रही। चुनाव आते-आते बिहार के लोगों के लिए एसआइआर कोई मुद्दा ही नहीं रहा, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने एसआइआर में कोई खोट नहीं पाया। इसके बाद भी मानसून सत्र के दौरान संसद वोट चोरी के शोर से गुंजायमान होती रही। बिहार में एसआइआर की प्रक्रिया के तहत जब 65 लाख वोटरों के नाम काटे गए तो फिर से वोट चोरी का शोर उठा, लेकिन मतदाता सूची का अंतिम मसौदा जारी होने के बाद 65 लोग भी ऐसी किसी शिकायत के साथ सामने नहीं आए कि वे बिहार के नागरिक हैं, उनके पास सारे वैध दस्तावेज हैं और फिर भी उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। वोट चोरी का आरोप लगा रहे विपक्षी दल भी ऐसे किसी शख्स को सामने नहीं ला सके, जिसका नाम वोटर लिस्ट से गलत तरीके से हटाया गया हो। इसका नतीजा यह हुआ कि वोट चोरी मुद्दे की बची-खुची हवा भी निकल गई, लेकिन विपक्षी दल अब भी यह मानकर चल रहे हैं कि 12 राज्यों में एसआईआर की जो प्रक्रिया जारी है, उसका मकसद वोट चोरी करना यानी उनके समर्थकों के वोट काटना और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की राह आसान करना है।

जैसे बिहार में एसआइआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाओं का ढेर लग गया था, वैसे ही 12 राज्यों में जारी इस प्रक्रिया के खिलाफ न जाने कितनी याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। याचिकाएं दायर करने वालों में तमिलनाडु, बंगाल और केरल के राजनीतिक दलों के साथ कथित लोकतंत्र हितैषी लोग और संस्थाएं हैं। उनकी ओर से कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी आदि मोर्चा संभाले हैं। 12 राज्यों में एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं का स्वर भी यही है कि यह एक गैर जरूरी प्रक्रिया है और चुनाव आयोग के पास इसे कराने का अधिकार नहीं।

इन याचिकाओं में भी यह प्रश्न अनुत्तरित है कि आखिर इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंचा जा रहा है कि विपक्ष शासित राज्यों बंगाल, तमिलनाडु, केरल के बीएलओ भी एसआईआर के दौरान भाजपा विरोधी दलों के समर्थकों के वोट काटने का काम करेंगे? इस पर गौर करें कि कहीं से भी ऐसी कोई शिकायत नहीं सुनी गई कि बीएलओ लोगों से किसी बहाने यह भी पूछ रहे हैं कि पिछली बार उन्होंने किसे वोट दिया था या फिर आगे किसे वोट देने का इरादा रखते हैं?

चूंकि सरकार संसद में चुनाव सुधारों पर चर्चा कराने को तैयार हो गई है, इसलिए यह आशंका दूर हो गई कि एसआइआर पर संसद का यह सत्र भी पिछले सत्र की तरह हंगामे की भेंट चढ़ जाएगा। यह स्वाभाविक ही है कि चुनाव सुधारों पर बहस के दौरान एसआइआर पर भी चर्चा होगी, लेकिन फिलहाल इसके कोई आसार नहीं कि 12 राज्यों में जारी यह प्रक्रिया रुकने वाली है, क्योंकि एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार है और इसी कारण उसकी प्रक्रिया बिहार में संपन्न हो सकी। एसआईआर के विरोध का एक आधार यह है कि बीएलओ तनाव और दबाव में हैं और कुछ ने इसके चलते या तो नौकरी छोड़ दी या आत्महत्या कर ली। ऐसी खबरों को निराधार नहीं कहा जा सकता, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि एसआइआर कराया ही न जाए। बीएलओ की समस्याओं का कारण यह है कि उन्हें या तो सही तरह प्रशिक्षित नहीं किया गया या फिर उन्हें जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उनके समाधान का प्रभावी तंत्र नहीं बनाया जा सका है। उनकी एक अड़चन एप का सही तरह न चलना है। निःसंदेह बीएलओ की समस्याओं का समाधान होना ही चाहिए और इसके लिए आवश्यक हो तो एसआइआर की समयसीमा और बढ़ाई जाए, लेकिन इसका कोई मतलब नहीं कि विपक्षी दल वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायत भी करें और एसआईआर भी न होने दें।

# आजाद भारत के पहले संन्यासी सांसद स्वामी ब्रह्मानंद महाराज, लोधी समाज मना रहा 131 वीं जयंती

**स्वामी ब्रह्मानंद आजीवन पैसा न छूने के संकल्प पर कायम रहे**

### प्रारंभिक जीवन और पारिवारिक पृष्ठभूमि



**विष्णु लोधी**

डोंगरगढ़ (दावा)। स्वामी ब्रह्मानंद लोधी का जन्म 4 दिसंबर 1894 को उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले की राठ तहसील के अंतर्गत बरहरा नामक छोटे से गाँव में हुआ था। उनका जन्म एक गरीब किंतु संस्कारी लोधी (कुर्मी क्षत्रिय) परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम श्री मातादीन लोधी और माता का नाम श्रीमती जशोदाबाई था।

बाल्यकाल में उनका नाम 'शिवदयाल' था। वे बचपन से ही गहन चिंतनशील, धर्मपरायण और आध्यात्मिक रुचियों वाले थे। उन्हें बचपन से ही रामायण, महाभारत और अन्य धार्मिक ग्रंथों में अत्यधिक रुचि थी। उनका परिवार खेती-बाड़ी करता था, और कठिन आर्थिक परिस्थितियों में भी उन्होंने उच्च नैतिक मूल्यों का पालन किया।

### शिक्षा एवं युवावस्था

स्वामी ब्रह्मानंद की प्रारंभिक शिक्षा गाँव में ही हुई। उन्होंने औपचारिक शिक्षा से अधिक आत्मशिक्षा पर बल दिया और स्वयं धार्मिक और ऐतिहासिक ग्रंथों का अध्ययन करते रहे। उनके विचारों और स्वभाव को देखकर उनके पिता को भय हुआ कि कहीं उनका पुत्र संन्यासी न बन जाए। इसी कारण मात्र 7 वर्ष की आयु में उनका विवाह राधाबाई नामक कन्या से करवा दिया गया। विवाहोपरांत उन्हें एक पुत्र और एक पुत्री की प्राप्ति हुई।

परंतु वैवाहिक जीवन के बावजूद उनका मन सांसारिक जीवन में न रमा और 24 वर्ष की आयु में उन्होंने हरिद्वार जाकर संन्यास ले लिया। हर की पैड़ी पर विधिपूर्वक संन्यास लेकर वे 'स्वामी ब्रह्मानंद' के नाम से प्रसिद्ध हुए।

### संन्यास और आध्यात्मिक यात्रा



संन्यास ग्रहण करने के पश्चात स्वामी ब्रह्मानंद ने भारत के प्रमुख तीर्थ स्थानों और धार्मिक स्थलों की पदयात्रा की। उन्होंने साधना, ध्यान और स्वाध्याय के माध्यम से गीता और वेदांत के रहस्यों को आत्मसात किया।

पंजाब के बठिंडा में उनकी भेंट महात्मा गांधी से हुई, जिन्होंने उनके त्याग और विचारों की अत्यंत सराहना की। गांधी जी ने कहा -यदि मेरे पास स्वामी ब्रह्मानंद जैसे 100 संन्यासी हो जाएं, तो भारत को तुरंत स्वतंत्रता मिल सकती है।

### स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी

स्वामी ब्रह्मानंद का राष्ट्रप्रेम केवल विचारों तक सीमित नहीं था। उन्होंने सक्रिय रूप से स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। 1930 के नमक सत्याग्रह में भाग लेते हुए वे गिरफ्तार हुए और दो वर्षों तक जेल में रहे। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भी उन्होंने भाग लिया और पुनः जेल गए। उन्होंने हमीरपुर, हरदोई और कानपुर की जेलों में कारावास भुगता। बरेली जेल में उनकी भेंट पंडित जवाहरलाल नेहरू से हुई। उनका प्रसिद्ध नारा था- 'उठो! वीरो उठो!! दासता की जंजीरों को तोड़ फेंको!'

### शिक्षा सुधार और समाजसेवा

स्वामी ब्रह्मानंद का मानना था कि समाज में बदलाव शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। बुंदेलखंड क्षेत्र की अशिक्षा और पिछड़ेपन को दूर करने के लिए उन्होंने कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना की - जिसमें 1938 में राठ में ब्रह्मानंद विद्यालय, 1943 में ब्रह्मानंद संस्कृत महाविद्यालय, 1960 में ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ जो आज भी क्षेत्र में शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। इन संस्थानों के माध्यम से उन्होंने हज़ारों छात्रों को शिक्षा का अवसर दिया, विशेष रूप से आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को।

### गौ-रक्षा आंदोलन और सत्याग्रह

1966 में स्वामी ब्रह्मानंद ने गोवध के विरोध में प्रयागराज से दिल्ली तक विशाल पदयात्रा निकाली। लाखों लोगों ने इस आंदोलन में भाग लिया। दिल्ली में संसद भवन के समक्ष सत्याग्रह किया गया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेजा गया। जेल में उन्होंने प्रण लिया कि संसद में जाकर वे गौ-रक्षा के लिए आवाज उठाएंगे।

### भारत के पहले संन्यासी सांसद

1967 में स्वामी ब्रह्मानंद ने जनसंघ के टिकट पर हमीरपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और भारी बहुमत से जीत दर्ज की। वे भारत के पहले संन्यासी सांसद बने। संसद में उन्होंने गौ-हत्या रोकने के लिए जोरदार एक घंटे का भाषण दिया, जिसे आज भी ऐतिहासिक माना जाता है। 1971 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर पुनः चुनाव लड़ा और दूसरी बार सांसद बने। वे 1967 से 1977 तक संसद सदस्य रहे।

### आदर्श जीवन और सादगी

स्वामी ब्रह्मानंद आजीवन 'पैसा न छूने' के संकल्प पर कायम रहे। उन्होंने सांसद की पेंशन और यात्रा भत्ते आदि को गरीब छात्रों की सहायता और समाजसेवा के लिए दान कर दिया। उनकी वाणी, आचरण और जीवनशैली पूर्णतः त्याग, संयम और सेवा की मिसाल थी। वे सादा वस्त्र पहनते, खड़ाऊं पहनते और साधु जीवन जीते रहे। उनका संपूर्ण जीवन जनता को समर्पित था।

### निधन और स्मृति

स्वामी ब्रह्मानंद ने 13 सितंबर 1984 को अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बुंदेलखंड की भूमि पर उनकी इच्छा अनुसार संपन्न हुआ। उनकी स्मृति में कई शिक्षण संस्थान, समाजसेवी संगठन और स्मारक आज भी कार्यरत हैं। आज 4 दिसंबर 2025 को उनकी 131वीं जयंती देशभर में श्रद्धा से मनाई जा रही है।

स्वामी ब्रह्मानंद लोधी का जीवन एक आदर्श संयोजन था ङ्क आध्यात्मिकता, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सुधार और शिक्षा सेवा का। वे न केवल लोधी समाज बल्कि पूरे भारत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी प्रसिद्ध उक्ति थी - 'सेवा ही मेरा धर्म है, और जनकल्याण ही मेरा संकल्प।' हमारा कर्तव्य है कि हम उनके आदर्शों को अपनाएं और अपने समाज को सशक्त, शिक्षित और स्वावलंबी बनाएं।

## विचार सरिता

# सवाल जवाब: कड़े प्रयास के बाद भी मुझे असफलता हाथ लगती है, इससे उबरें कैसे?

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञानचर्चा में विवेक ने आचार्य सत्यव्रत से एक जिज्ञासु का विशेष प्रश्न पूछा। यह व्यक्ति द्वारा परिश्रम करने के बाद भी जीवन में सफलता नहीं मिलने से संबंधित था। उस जिज्ञासु के प्रश्न को विवेक ने अपनी शैली में पूछना प्रारंभ किया।

विवेकः मैं जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूँ। इसके बाद भी मुझे सफलता प्राप्त नहीं हो पाती है। जब परिणाम आता है तो मैं ठगा सा रह जाता हूँ। मैं निराश हो उठता हूँ। कृपया इस स्थिति का समाधान सुझाइए।

आचार्य सत्यव्रतः परिश्रम करने के बाद भी सफलता नहीं मिलने पर मन में निराशा तो होती ही है और यह अत्यंत स्वाभाविक है। परंतु आप एक बात बताइए कि सफलता का मापदंड क्या है? क्या आप केवल उपलब्धियों को ही सफलता मानेंगे?

विवेकः गुरुदेव! उपलब्धि प्राप्त होने को ही मेहनत का फल कहा जाता है। अतः सफलता का मूल्यांकन भी उसी से होना चाहिए।

आचार्य सत्यव्रतः वास्तव में सफलता के इस मापदंड को बदलने की आवश्यकता होनी चाहिए। संपूर्ण प्रयास के बाद भी सफलता न मिले और व्यक्ति उन चीजों को प्राप्त करने से वंचित हो जाए, जो उसके लिए आवश्यक है तो यह निराशा की स्थिति है। इसे आप उपलब्धि वंचित होना भी कह रहे हैं। परंतु आप यह देखें कि क्या सारा परिणाम आपके हाथ में है?

विवेकः नहीं गुरुदेव!

आचार्य सत्यव्रतः यह भी बताइए कि क्या उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केवल आप ही मैदान में थे, या अन्य लोग भी थे।

विवेकः केवल मैं नहीं था बल्कि अन्य लोग भी ऐसे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयत्न किया ही करते हैं।

आचार्य सत्यव्रतः यह निश्चित है कि सफल तो एक व्यक्ति या कुछ लोग ही होंगे और बाकी को असफलता हाथ लगेगी। ऐसी स्थिति में उपलब्धियां प्राप्त नहीं होने पर गलतियों से सीख कर और अधिक बेहतर प्रयास करने पर ध्यान होना चाहिए। किसी भी स्थिति में मन में निराशा का भाव नहीं आना चाहिए। भावी सफलता प्रयत्नों की सटीकता के ऊपर निर्भर रहेगी। मनुष्य वर्तमान असफलता से जितनी जल्दी उबरकर फिर खड़ा होगा, वह उतनी ही जल्दी फिर से अपने लक्ष्य की ओर गतिमान होने के लिए आगे बढ़ेगा।

(सवाल और जवाब केवल सुझाव के रूप में हैं। हर व्यक्ति हेतु और हर परिस्थिति में समान रूप से इनका लागू होना आवश्यक नहीं है।)

## शब्द सामर्थ्य -247


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 246 का हल**



## सू- दोकू क्र.247

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.246 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## सामयिक चर्चा

### सीएम रेवन्त रेड्डी का भगवान

अखबार के पन्ने खोल,
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
आज तेलंगाना के मुख्यमंत्री
रेवन्त रेड्डी के बिगड़े बोल-
उन्होंने हैदराबाद के
एक सार्वजनिक कार्यक्रम में
ऐसा बयान दिया
कि प्रदेश में सियासी तूफान मच गया।
वे कहते हैं-
हिन्दू, कितने देवताओं में विश्वास करते है?
क्या तीन करोड़? इतने देवता क्यों हैं?
फिर आगे जो वे कहते है, वो यो हैं-
जो लोग कुँवारे हैं, उनके भगवान हनुमान हैं।
जो दो बार शादी करते है,
उनके लिए दूसरे भगवान हैं।
जो शराब पीते हैं, उनके अलग भगवान हैं।
मुर्गे की बली देने वालों का अलग भगवान है।
दाल चावल खाने वालों का भी अलग भगवान।
हर ग्रुप का अपना भगवान हैं।
तो गजाधर! मैं पूछता हूँ आपसे
मुख्यमंत्री रेड्डी का कौन है भगवान?''
गजाधर मुस्कराए बोले-''बानी!
मुख्यमंत्री रेवन्त रेड्डी का भगवान,
उनकी पार्टी का हाई कमान!''
03/12/25



गिरीश बख्शी

## कविता

### दादा जी

ठंडी से परेशान, हमारे दादा जी।
रखते ढँक कर कान, हमारे दादा जी।।
सुलगा दो न आग, बोले दादी को।
जल्दी जाते जाग, हमारे दादा जी।।
कसरत प्राणायाम, मजे से करते थे।
करे नहीं आराम, हमारे दादा जी।।
कुड़कुड़ काँपे हाथ, देह सर्दी जकड़े।
पकड़े बैठे माथ, हमारे दादा जी।।
कभी जमाते रौब, पूरे घर पर भी।
कभी दिखाते आँख, हमारे दादा जी।।
मूँछों पर दे ताव, अकड़ कर चलते थे।
घूमे पूरा गाँव, हमारे दादा जी।।
छींक-छींक परेशान, बहुत है जाड़ा में।
कैसे बचाऐं प्राण, हमारे दादा जी।।
करते सब को प्यार, जताते कभी नहीं।
हो गए अस्सी पार, हमारे दादा जी।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''


## लघुकथा

### // अपने हिस्से का //

देवकुँवर तीस साल की उम्र में माँ बनी थी। हीरा जैसा हीरा लाल बेटा मिला था। फिर ईश्वर की ऐसी कृपा हुई कि तीन बेटे व दो बेटियाँ और हुए। भरे-पूरे परिवार में खुश एक दिन देवकुँवर ने बिदेशी राम से कहा- ''हीरा के बाबूजी! अब हमारे सुख के दिन फिरे।''


और पास आते हुए बिदेशी राम बोला- ''तो फिर तुम्हारी आँखों में आँसू काहे को...? यह सुख तो हमें मिलना ही था। ये हमारे अपने हिस्से का है देवकुँवर।'' बिदेशीराम ने देवकुँवर को उंगली पकड़कर अपने पास बिठाया। समय की चिड़ीया ने उड़ान भरी। भाग्य ने पलटा खाया। बिदेशी राम और देवकुँवर अपने छोटे बेटे को कैंसर से नहीं बचा पाए। बेटे की अर्थी उठी।

अपने आँसुओं को अंदर धकेलते हुए बिदेशीराम बिलखती देवकुँवर के पास आया। उसके हाथों को अपने हाथों में लेते हुए कहा-''नहीं रोना देवकुँवर। यह दुःख तो हमें मिलना ही था। ये भी हमारे अपने हिस्से का है। इस संसार में सभी सुख और दुःख के हिस्सेदार होते हैं।'' अंतिम संस्कार में शामिल होने आये लोग हिस्से और हिस्सेदारी की बातें बड़े ध्यान से सुन रहे थे।




टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

## राशिफल




**मेष**

आज आपका कोई रुका हुआ कार्य व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो जाएगा। जो लोग पिछले कुछ समय से आपके खिलाफ थे, वही आज आपके पक्ष में आएंगे। अपनी प्रतिभा को पहचानें और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को बेहतर बनाएं। कार्य क्षेत्र में लंबित योजनाओं पर अमल करने के लिए उचित समय है।



**वृष राशि**

वरिष्ठ लोगों का सानिध्य और मार्गदर्शन मिलेगा। लंबे समय से चल रही किसी चिंता व तनाव से राहत मिलेगी। कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर सोच विचार कर लें, निश्चित ही सफलता मिलेगी। विवाहित जीवन खुशनुमा रहेगा। घर में मेहमानों के आगमन से आपसी मेल मिलाप सबको खुशी प्रदान करेगा।




**मिथुन**

अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाएं तथा व्यवस्थित रहें। इससे आपकी कार्य क्षमता और अधिक सशक्त होगी। संतान के करियर संबंधी समस्याओं को किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति की सहायता से सुलझाने में सफलता मिलेगी। कामकाज को लेकर की गई कोई नजदीकी यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी। प्रेम संबंधों में भी प्रगाढ़ता रहेगी।



**कर्क**

किसी प्रिय मित्र के साथ काफी समय बाद बातचीत होने से खुशी मिलेगी। किसी विशेष मुद्दे पर विचार विमर्श भी होगा। अपनी रूटीन भरी दिनचर्या से कुछ समय निकालकर सेवा संस्थान के साथ जुड़ें। इससे आपको बहुत ही सुकून मिलेगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज कोई विशेष उपलब्धि मिलने वाली है।



**सिंह**

पारिवारिक तथा व्यक्तिगत गतिविधियों के बीच उचित सामंजस्य रहने से बेहतरीन व्यवस्था बनी रहेगी। अगर किसी को पैसा उधार दिया हुआ है या कहीं फँसा हुआ है, तो आज प्रयास करने पर मिल सकता है। धर्म कर्म व आध्यात्मिक कार्यों के प्रति रुचि रहेगी। अचानक ही किसी विपरीत लिंगी मित्र के मिलने से पुरानी खुशनुमा यादें ताजा होंगी।




**कन्या**

यह समय मानसिक शांति व संतोष दायक है। भाइयों के साथ भी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। लाभदायक यात्रा हो सकती है। वैभव संबंधी वस्तुओं की खरीदारी भी संभव है। अविवाहित लोगों के लिए कोई उचित रिश्ता आ सकता है। पति पत्नी के बीच खट्टी मीठी नोकझोंक संबंधों में और अधिक मधुरता लाएगी।




**तुला**

यदि संपत्ति की खरीद फरोख्त संबंधी कोई योजना बन रही है, तो समय बहुत ही अनुकूल है। किसी खास मित्र अथवा संबंधी के साथ किसी विशेष मुद्दे पर विचार विमर्श भी होगा। आप अपने परिवार की जरूरतों के प्रति भी जागरूक रहेंगे। घर में आपसी प्रेम भाव बना रहेगा। युवाओं के प्रेम संबंध में नजदीकियां आएंगी।




**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहें। इस समय ग्रहों का पूरा सहयोग बना हुआ है। पुराने मित्र से मुलाकात आपको तरोताजा करेगी। एकांत अथवा किसी आध्यात्मिक स्थल पर कुछ समय व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। नेगेटिव - संबंधियों तथा मित्रों के साथ संपर्क में रहें। इससे आपसी संबंधों में मधुरता बनी रहेगी।




**धनु**

कुछ लोग अवरोध पैदा करेंगे, पर अफवाहों पर ध्यान न दे कर अपने कार्यों के प्रति केंद्रित रहें। निश्चित ही आपको सफलता मिलने वाली है। विद्यार्थी वर्ग भी अपनी पढ़ाई के प्रति उचित ध्यान देंगे। पारिवारिक गतिविधियों में अपना योगदान देने से शांति पूर्ण माहौल बना रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए पारिवारिक स्वीकृति लेने का उचित समय है।




**मकर**

इस समय भाग्य और कर्म दोनों आपके पक्ष में हैं। अगर कोई संपत्ति संबंधी मामला उलझा हुआ है, तो आज उससे संबंधित कार्य बन सकता है। कुछ नवीन कार्यों की भी योजनाएं बनेंगी। कुछ खास लोगों से मुलाकात आपके लिए लाभदायक रहेगी। नए व्यावसायिक जनसंपर्क आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा।



**कुंभ**

संपर्कों का दायरा बढ़ेगा तथा इनके माध्यम से आपको विशेष जानकारियां भी मिलेंगी। लंबे समय से संजोए हुई कोई इच्छा या सपना पूरा हो सकता है। किसी प्रिय मित्र से मुलाकात खुशी देगी। सरकारी नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए ऑफिस में कुछ बेहतरीन परिस्थितियां बनेंगी। पति-पत्नी के बीच प्रेम माधुर्य रहेगा।



**मीन**

इस समय ग्रह स्थिति आपके लिए उचित भाग्य का निर्माण कर रही है। समय का उचित सदुपयोग करें। अचानक ही किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो कि फायदेमंद रहेगी। कोई पारिवारिक धार्मिक आयोजन भी संभव है। व्यवसायिक व्यवस्था बनाए रखने में बहुत अधिक मेहनत और प्रयास करने होंगे।

# लोक निर्माण विभाग की ईपीएफ कटौती पर जारी आदेश का चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने किया स्वागत

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश चौरे के नेतृत्व में दिनांक 29/07/2025 को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रमुख अभियंता को 6 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में दिया गया ज्ञापन, एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गया है। संघ ने पूर्व में 29/07/25 के तहत प्रमुख अभियंता को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें मुख्य रूप से अनेक प्रमुख मांगें शामिल थीं।

संघ द्वारा शासन से मांग की गई थी कि,1984 के कार्यभारित/ आकस्मिक निधि नियम के अनुसार 3 वर्ष पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को समिति गठन कर कार्यभारित कर्मचारी की भांति नियमित वेतनमान प्रदान किया जाए। लोक निर्माण विभाग में शासन के वित्त निर्देश अनुसार ईपीएफ कटौती अनिवार्य रूप से लागू की जाए। अन्य चार सूत्रीय लंबित मांगें भी तत्काल निराकरण हेतु प्रस्तुत की गई थीं। पूर्व में कार्रवाई न होने पर संघ ने 13/10/2025 को रिमाइंडर ज्ञापन भी सौंपा था, जिसमें 13/11/2025 तक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी।



6 सूत्रीय मांगों के बाकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई की मांग - महामंत्री योगेश चौरे

### लोक निर्माण विभाग ने एक मांग पर सुनवाई

संघ के लगातार प्रयासों के बाद 11/11/2025 को प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा ईपीएफ कटौती संबंधी आदेश जारी किए गए। कई संभागीय कार्यपालन अभियंताओं द्वारा तत्काल कटौती भी प्रारंभ कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर संघ की ओर से गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई। संघ की ओर से कहा गया है कि, पीडब्ल्यूडी ने आदेश में यह लिखा है कि, केवल 16/06/2017 तक या उससे पूर्व कार्यरत कर्मचारियों का ही ईपीएफ कटौती किया जाए। जबकि वित्त निर्देश, छत्तीसगढ़ शासन, दिनांक 12/07/2017 के अनुसार कटौती सभी शासकीय दैनिक वेतनभोगी, श्रमिक, कुशल, अकुशल, आकस्मिक, कार्यभारित, ठेका पद्धति, आउटसोर्सिंग सहित सभी कर्मचारियों पर अनिवार्य है। पीडब्ल्यूडी द्वारा 2017 की सीमा लागू करना शासन आदेश का उल्लंघन है। संघ इसका कड़ा विरोध करेगा और संशोधित ज्ञापन मुख्य अभियंता को पुनः सौंपेगा।

### जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) में भी कार्रवाई शुरू

संघ के निरंतर संघर्ष के बाद जल संसाधन विभाग, सिहावा भवन के प्रमुख अभियंता ने दिनांक 12/09/2025 को ईपीएफ कटौती लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यह निर्णय भी संघ के दीर्घकालिक सतत प्रयास का परिणाम है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) में भी ईपीएफ एवं तृतीय समयमान लंबित है, संघ ने पीएचईडी विभाग में–ईपीएफ कटौती कार्यभारित कर्मचारियों को तृतीय समयमान देने के लिए ज्ञापन सौंपा है।

यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संघ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।संघ की मांगें अब भी स्पष्ट पीडब्ल्यूडी में 2017 की सीमा हटाई जाए और वर्तमान में कार्यरत सभी कर्मचारियों (2017 के बाद नियुक्त) का भी ईपीएफ कटौती तत्काल शुरू हो। अन्य चार सूत्रीय लंबित मांगों पर तुरंत निर्णय लिया जाए। संघ प्रमुख अभियंता सहित छत्तीसगढ़ शासन का आभार प्रकट करता है कि एक महत्वपूर्ण मांग पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लिया गया है।

# श्रीमद् भागवत कथा में सामूहिक गीता पाठ संपन्न



छुईखदान (दावा)। श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन संयोगवश एक दिसम्बर 2025 को गीता जयंती पड़ने पर भागवताचार्य पं.वीरेन्द्र वैष्णव धमतरी ने उपस्थित सभी भक्तों को गीता के श्लोक का सामूहिक पाठ छोटे राजा बाड़ा छुईखदान में कराया। तत्पश्चात तुलसी वर्षा हवन शांति पूर्णाहुति कराया गया। भागवताचार्य पं. वीरेन्द्र वैष्णव ने कहा कि, श्रीमद् भागवत गीता में लिखा है कि, सब ग्रंथों का सार वेद है, वेदों का सार उपनिषद है एवं उपनिषदों का सार गीता है। गीता अध्ययन हमें कर्म प्रधानता एवं जीवन की कठिनाईयों से समाधान बचाव की जानकारी देते हुए सतमार्ग में चलने कहते हैं।

परीक्षित यजमान श्रीमती लतारानी लाल जे के वैष्णव ने संयोगवश श्रीमद् भागवत कथा अंतिम दिन गीता जयंती पर सामूहिक गीता सार का पाठ हवन शांति पूर्णाहुति पूजा एवं शोभायात्रा में शामिल भक्तों का आभार जताया। शोभायात्रा पश्चात महाप्रसाद भंडारा में बड़ी संख्या में भक्त एवं विशेष रूप से बच्चों की उपस्थिति रही। वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के. वैष्णव ने कहा कि संचार क्रांति आधुनिक युग में आज भी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान तुलसी दल, गंगाजल, महाप्रसाद आदि मितान बनाने की विरासत परम्परा कायम पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

## पहला कॉलम...

### आज सुखरी में दत्तात्रेय उत्सव एवं वार्षिक अधिवेशन



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम सुखरी में अंतरजिला सनातन दशनामा गोस्वामी समाज द्वारा गुरूवार 4 दिसम्बर को भगवान दत्तात्रेय जयंती उत्सव एवं वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया है, इस विषय में समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि, आयोजन में भगवा वस्त्र धारण कर समाज के समीपस्थ जिलों से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति होगी। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में दुष्यंत गिरी गोस्वामी संबलपुर होगें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता लीलमबन गोस्वामी दीवानभेड़ी करेंगें। विशिष्ट अतिथियों में कल्याणपुरी गोस्वामी दानीटोला, अर्जुन पुरी गोस्वामी संबलपुर, दुर्जनपुरी गोस्वामी चिचोला, गुलाब गोस्वामी अं.चौकी और ग्राम सरपंच सुरेन्द्र गोस्वामी सुखरी शामिल होंगें। वहीं विशेष अतिथियों में इन्द्रजीत भारती गुरूर पोण्डी, कौशल गिरी गोस्वामी बेलगांव, खिलावन गोस्वामी साल्हे, जितेन्द्र गोस्वामी पोण्डी, दीपक गिरी गोस्वामी बेलगांव, माधव गिरी गोस्वामी संबलपुर की उपस्थिति रहेगी. आयोजन में प्रातः 11 बजे कलश यात्रा, ध्वजारोहण पूजा होगा. दोपहर 1 बजे से भोजन तथा दोपहर 3 बजे से अतिथि सम्मान के बाद सामाजिक उद्बोधन और युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जायेगा।

### श्री डोंगेश्वर महादेव जंगलपुर घाट में कायस्थ समाज ने मनाई पिकनिक



गंडई (दावा)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ एवं कायस्थ परिवार जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडई के संयुक्त तत्वावधान में पिकनिक का आयोजन श्री डोंगेश्वर महादेव जंगलपुर घाट में किया गया, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस तरह के आयोजनो के माध्यम से समाज को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से समाज की महिलाओं में श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव, अमिता श्रीवास्तव, नुपुर श्रीवास्तव, साक्षी बक्शी, शीतल श्रीवास्तव, गरिमा श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, रुचि बक्शी, युक्ति माया बक्शी, अनिता श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, वैशाली खरे सहित पुरुष वर्ग से रविलाल श्रीवास्तव, कौशल श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव शिव श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव, नवीन बक्शी, जयदीप श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, गौरव बक्शी, गिरिश बक्शी, सौरभ श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, रविराज श्रीवास्तव सुयश खरे, अक्षांश दीक्षक, श्रेयांश, आकांक्षा आदि कायस्थजन उपस्थित रहे।

### छुरिया में स्काउट्स-गाइड्स का सदस्यता अभियान शुरू

छुरिया(दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में विकासखण्ड छुरिया में स्काउट्स-गाइड्स सदस्यता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 4 दिसम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छुरिया ने बताया कि, स्काउट्स-गाइड्स आंदोलन से जुड़कर छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, सेवा भाव तथा अनुशासन विकसित होता है। अभियान के अंतर्गत इच्छुक नागरिक एवं अभिभावक कार्यालय में उपस्थित होकर सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। सदस्यता हेतु साधारण सदस्य - रूपये 1100, आजन्म सदस्य - रूपये 3100 शुल्क निर्धारित है। अभियान के समापन अवसर पर 11 दिसम्बर 2025, गुरुवार को शाम 4 बजे तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय छुरिया में युवराज चन्द्रवंशी सहायक ग्रेड के पास अपनी सदस्यता की फॉर्म व सदस्यता की निर्धारित शुल्क जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए विकासखण्ड संघ सचिव रामानारायण साहू (मो. 7999677696) से संपर्क किया जा सकता है। विभाग द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि, अधिक से अधिक संख्या में स्काउट्स-गाइड्स सदस्यता लेकर युवा पीढ़ी में अनुशासन एवं सेवा की भावना को प्रोत्साहित करें।

### टटेंगा शाला में विश्व एड्स दिवस मना

हरदी (दावा)। एचआईवी संक्रमण के बारे में जागरूकता लाने तथा प्रभावित लोगों के सहायता के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में इस बीमारी की जानकारी बढ़े व इसके संक्रमण पर रोक लगाई जा सके और संक्रमित लोगों के प्रति समर्थन तथा सहयोग प्राप्त हो सके। यह कार्यक्रम संक्रमित लोगों के प्रति हो रहे भेदभाव व सामाजिक अभिशाप के विरुद्ध जागरूकता अभियान है। इसका थीम सही रास्ता अपनाएं 'मेरा स्वास्थ्य-मेरा अधिकार है'।

# मंडल अध्यक्ष की कार को पिकअप वाहन ने ठोका, हो रही सड़क दुर्घटना से चिंतित है लोग





डोंगरगढ़/एलबी नगर (दावा)। डोंगरगढ़-चिचोला मुख्य मार्ग पर स्थित एलबी नगर, नगर पंचायत के निवासी इन दोनों मुख्य मार्ग पर हो रहे सड़क हादसे को लेकर अत्यधिक चिंतित नजर आ रहे हैं। गत रात्रि एबिस कंपनी का स्टीकर लगी पिकअप वाहन के वाहन चालक द्वारा मंडल अध्यक्ष मनोज पांडे के निवास के सामने खड़ी उनकी कार को ठोकर मारकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

सीसीटीवी कैमरा में दिखाई देने वाले दृश्य से ऐसा जान पड़ता है कि, वाहन चालक अत्यधिक नशे में था। और उसका कंट्रोल गाड़ी में नहीं था। घटना मध्य रात्रि 1:00 बजे के बाद की बताई जा रही है। मंडल अध्यक्ष मनोज पांडे ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मांग की है कि, पुलिस विभाग यातायात व्यवस्था सुगम बनाने की दिशा में ध्यान देवे। लगातार हो रही दुर्घटना से डेंजर जोन बने लाल बहादुर नगर के निवासियों की चिंता से अवगत होते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने पीडब्ल्यूडी विभाग से आवश्यकता अनुसार स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।



नगर पंचायत अध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी विभाग से स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की

### मुख्य मार्ग से सटकर संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठान एवं अवैध शराब का व्यवसाय दुर्घटना का कारण - वेदराम ताम्रकर

शाला विकास समिति के अध्यक्ष वेद राम ताम्रकर ने मुख्य मार्ग में हो रही दुर्घटना को अवैध शराब का व्यवसाय से जोड़ते हुए कहा है कि देर शाम से देर रात्रि तक मुख्य मार्ग स्थित प्रमुख चौक - चौराहा में अवैध शराब बेचने व खरीदने वालों का हुजूम देखने को मिलता है। नशे में धुत लोगों द्वारा बेपरवाह ढंग से मुख्य मार्ग पर आवाजाही करने के कारण लोगो की घोर लाफरवाही अनेक अवसरों पर दुर्घटना का कारण बनती है। इसके अलावा मुख्य मार्ग के दोनों और मार्ग से सटकर लगाए गए ठेले - खोमचे सहित अनेक व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। जिस पर शासन-प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।

### बस स्टैंड बना डेंजर जोन - राकेश सिन्हा

नगर पंचायत के अनेक नगरवासियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि,नगर पंचायत लाल बहादुर नगर मे बस स्टैंड मोड़ अब डेंजर जोन बन गया है।आए दिन यहाँ दुर्घटनाय होते रहती है।जिससे यहाँ पर रहने वाले लोगो मे दहसत का माहौल है।गत रात्रि लगभग 1=10 मिनट के आसपास बस स्टैंड मोड मे गाड़ी पलट गई और सीधे भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे के घर जा घुसी। जिससे दुकान और उनकी गाड़ी को काफ़ी नुकसान हुआ है। नगर के राकेश सिन्हा ने बताया की इससे पहले भी यहां पर कई बार घटनाएं हो चुकी है। इस ओर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए और बस स्टैंड, शिशु मंदिर और मंडल चौक के पास सडक मे स्पीड ब्रेकर बनाना चाहिए जिससे बड़ी दुर्घटनाए रोकी जा सके।





### स्पीड ब्रेकर लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा - एसडीओपी डब्ल्यू.डी. सोनकाले

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ श्री सोनकाले ने लगातार हो रही दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं निवासियों की भावनाओं के अनुरूप सुरक्षित आवागमन व्यवस्था बनाने के लिए स्पीड ब्रेकर लगाने शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। साथ ही श्री सोनकाले ने कहा कि यातायात व्यवस्था सुरक्षित बनाने के लिए सड़क मार्ग से आवागमन करने वालों में जन जागरूकता लाना भी जरूरी है।

# जिले में प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्ट्री को लेकर बढ़ते विरोध के बीच युवा कांग्रेस ने तीखी आपत्ति दर्ज कराई

खैरागढ़ (दावा)। जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह व जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस गुलशन तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि, पर्यावरण विभाग द्वारा 11 दिसंबर 2025 को निर्धारित जनसुनवाई को तत्काल रद्द या स्थगित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि, ग्रामवासियों की स्पष्ट आपत्तियों के बावजूद प्रशासन द्वारा जनसुनवाई की घोषणा जनभावनाओं की उपेक्षा है।



युवा कांग्रेस ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि जुलाई 2024 में आयोजित व्यापक हस्ताक्षर अभियान और अगस्त 2024 में कलेक्टर को सौंपे गए विस्तृत प्रतिवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बार-बार अपनी चिंताएं रखीं वहीं प्रेस वार्ता के जरिए भी संभावित पर्यावरणीय व सामाजिक प्रभावों पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। इसके बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद न तो प्रशासनिक दल गाँवों का दौरा कर पाया और न ही ग्रामीणों की आपत्तियों पर कोई विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में निष्पक्षता का अभाव दिख रहा है और बिना जनता की बात सुने जनसुनवाई घोषित करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मूल भावना के विपरीत है।

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि, फैक्ट्री शुरू होने पर क्षेत्र में खेती-किसानी पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है एवं पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने का खतरा रहेगा। साथ ही पशुपालन प्रभावित होगा और स्थानीय युवाओं के रोजगार पर भी संकट गहरा सकता है। विचारपुर, पंडरिया, बुंदेली, संडी सहित कई गाँवों के हजारों दर्ज करा चुके है आपत्ति ज्ञात हो कि सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में बीते वर्ष से लगातार विचारपुर, पंडरिया, बुंदेली, संडी सहित कई गाँवों के हजारों लोग खासतौर पर अन्नदाता किसान पूर्व में भी इन संभावित दुष्प्रभावों को लेकर आन्दोलन की चेतावनी दे चुके हैं। युवा कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन ने जनभावना के विपरीत परियोजना को आगे बढ़ाया तो ग्रामीणों के सहयोग से व्यापक जनआंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जनता की अनदेखी कर लिया गया कोई भी निर्णय स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश लुनिया, विजय वर्मा, नित्यशरण सिंह, रिंकू गुप्ता, शुभम वर्मा, केदार जंघेल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। अब क्षेत्र की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन आगामी दिनों में इस संवेदनशील मुद्दे पर क्या निर्णय लेता है।

# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



गंडई (दावा)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (केसीजी) के डॉ. प्रशांत सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सोनी ने विद्यार्थियों को एचआइवी एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, उसके कारण, बचाव तथा उपचार के बारे में सरल एवं सहज भाषा में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों की शंकाओं का समाधान भी किया।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा विद्यार्थियों के लिए एचआईवी जागरूकता क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समझ का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य टीम द्वारा प्रतीकात्मक हैंड-वॉश डेमो भी दिया गया, जिसमें सही तरीके से हाथ धोने की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए इसे व्यावहारिक रूप से सीखने में रुचि दिखाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. डी.पी. कुर्रे ने की तथा उन्होंने युवाओं में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। रेड क्रॉस एवं ह्स्स् के स्वयंसेवकों ने पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। अंत में, महाविद्यालय परिवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम एवं मुख्य वक्ता डॉ. सोनी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कोलिहामार में गीता जयंती महोत्सव में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दी 21 लाख की सौगात

बालोद (दावा)। बालोद जिले में गुरुर ब्लॉक के ग्राम कोलिहामार के हाईस्कूल मैदान में तहसील कोसरिया (राऊत) यादव समाज द्वारा आयोजित गीता जयंती महोत्सव इस वर्ष भव्यता, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव का अनोखा संगम बनकर उभरा। पूरा मैदान सैकड़ों लोगों की उपस्थिति से गूंज उठा। मंच पर समाज की एकता, संस्कृति और आत्मगौरव का ऐसा नजारा दिखा, जिसने कार्यक्रम को ऐतिहासिक आयाम दे दिया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई और समाज की महत्वपूर्ण मांगों पर उदारतापूर्वक घोषणाएँ कीं। मंत्री गजेंद्र यादव ने समाज की वर्षों पुरानी आवश्यकता यादव समाज भवन को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए 20 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह भवन न केवल बैठकों और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक उन्नति का मजबूत मंच भी साबित होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी मंत्री निधि से 1 लाख रुपए अतिरिक्त सहायता देने का ऐलान कर समाज की उम्मीदों को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरणा देते हुए मंत्री ने 20 महिलाओं को कुटीर उद्योग के लिए 20-20 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की। उनके इस निर्णय ने महिलाओं के कौशल, गृह-उद्योग और आर्थिक क्षमताओं को नए अवसरों का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि यादव समाज की मेहनत, सामाजिक एकजुटता और नैतिक योगदान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरक उदाहरण हैं। शासन समाज की सभी रचनात्मक मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाएगा।



यादव समाज का अभूतपूर्व शक्ति-प्रदर्शन

### समाज की सशक्त संरचना और नेतृत्व का प्रदर्शन

महोत्सव में समाज के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति और समन्वय से आयोजन को सुव्यवस्थित बनाया। मुख्य पदाधिकारी अध्यक्ष सालिक राम यादव (कोलिहामार), उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, संरक्षक जितेंद्र यादव (पुरूर), सचिव देवव्रत यादव (भुलनजबरी), कोषाध्यक्ष तुलसी राम यादव (धनोरा), सहसचिव रेवाराम यादव (भानपुरी), महामंत्री विनोद यादव (अखराभाठा), संगठन मंत्री कृष्णा यादव (जगतरा), प्रचार मंत्री गुलाब यादव (कुलिया) और सलाहकार हेमलाल यादव (खेरुथा) ने पूरे आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यकारिणी सदस्य अभय यादव (नारागांव), टिकेश्वर यादव (घोघोपुरी), छोटूराम यादव (मोहारा), रोशन लाल यादव (सांगली-गोपाल सखा) ने भी कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय योगदान दिया। परिक्षेत्र (पाली-सरपंच) अध्यक्षगण की व्यापक उपस्थिति ने समाज के जमीनी ढांचे की मजबूती को साबित किया। पाली, तारी, गुरुर, पेण्डरवानी, खुदनी, बोहारा, जेवरतला, मोखा, कनेरी, बासीन, अस्मरीकला, कुलिया, परसुली समेत विभिन्न क्षेत्रों से सरपंच और प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। समाज की यह क्षेत्रीय एकता आयोजन की सबसे बड़ी शक्ति बनकर सामने आई।

### महिला प्रकोष्ठ की प्रभावी मौजूदगी

तहसील महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती जितेश नेहरू यादव तथा उनकी टीम श्रीमती पदमा भुनेश्वर यादव, श्रीमती ममता उत्तम सिंह, श्रीमती गायत्री वुलेश्वर यादव, श्रीमती लता नन्दकुमार यादव सहित दो दर्जन महिला सदस्यों ने न केवल कार्यक्रम संचालन में योगदान दिया, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रभावशाली बनाया। उनकी नेतृत्व क्षमता और संगठन कौशल ने महिला शक्ति की भूमिका को और अधिक मजबूत रूप में स्थापित किया।

### युवा प्रकोष्ठ ने संभाला मोर्चा

धिराजीराम यादव के नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ–संतोष यादव, घनश्याम यादव, रामसाय यादव, रुद्रनारायण यादव, अभिषेक यादव, सागर यादव सहित कई युवाओं ने मंच प्रबंधन, व्यवस्था, सुरक्षा और अतिथि सत्कार में उत्कृष्ट कार्य किया। युवाओं की यह ऊर्जा आयोजन की रीढ़ साबित हुई।

### भव्य सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आयोजन

गीता जयंती के अवसर पर आध्यात्मिक प्रवचन, भजन, सांस्कृतिक नृत्य, भगवद्गीता पर आधारित नाट्य मंचन तथा समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला गया। मंच से उठी आध्यात्मिक गूँज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं की विशाल भागीदारी से कार्यक्रम उत्साह और सद्भाव का अनूठा प्रतीक बन गया। अंत में, गीता जयंती महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि यादव समाज की शक्ति, समर्पण, संगठन क्षमता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त प्रदर्शन बनकर सामने आया। मंत्री द्वारा की गई घोषणाओं ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक उपलब्धि में बदल दिया। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन की व्यापक प्रशंसा की जा रही है, और समाज अब विकास के नए अध्याय की ओर कदम बढ़ा चुका है।

# शहीद वीर नारायण सिंह शहीद दिवस 20 को



राजनांदगांव (दावा)। आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज परिक्षेत्र सिंगपुर ब्लॉक, तहसील, जिला राजनांदगाँव के द्वारा विगत दिनों नीलकंठ गढ़े जिला अध्यक्ष जिला आदिवासी गोड़ महासभा राजनांदगाँव के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया, परिक्षेत्र अध्यक्ष परमानंद नेताम अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज सिंगपुर 22 गांवो के स्वजातीय बन्धुओं बहनों को आमंत्रण किया गया।

सर्वप्रथम बुढ़ादेव के पूजा अर्चना करने के बाद क्रमशः एजेंडानुसार बैठक पर चर्चा हुई। शहीद वीर नारायण सिंह शहीद दिवस आगामी दिसम्बर महीने में मनाने का निर्णय पर विचार विमर्श किया गया, निर्णय में सर्वसम्मति से 20 दिसम्बर 2025 को शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस मनाने पर निर्णय लिया गया एवं कार्यो का विभाजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा होंगे एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव प्रभारी मंत्री को आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा शहर के वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रण दिया जावेगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, अध्यक्ष केन्द्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के एम.डी. ठाकुर एवं जिला अध्यक्ष बेमेतरा राजकुमार जिलाध्यक्ष कबीरधाम राजेश छेदाईयां जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर दुर्ग, नरेन्द्र नेताम जिलाध्यक्ष अ.चौकी-मोहला-मानुपर उपस्थिति होंगे।

बैठक में जितेन्द्र पडौटी, हिरामन बसंत मरकाम, रवि ठाकुर, गुरूदेव, प्रकाश, मधोराम, रिखीराम नेताम, संध्या ठाकुर, हनिता पडौटी, त्रिवेणी, प्रमोद, अजीत, विजय, धनेश्वर नेताम, धुरसिंह ठाकुर, बसंतलाल, युवराज मंडावी, यादराम, विजय पडौटी, कार्यक्रम के रोज गांव में बहुत बढ़ी शोभा यात्रा बाजा गाजा, रीलो नृत्य के साथ निकाली जायेगी।

युवा प्रभाग के समस्त पदाधिकारी सहित गांव-गांव से युवाओं को आमंत्रित करने के जवाबदारी अध्यक्ष युगल किशोर को सौंपा गया है तथा महिला प्रभाग के अध्यक्ष पुष्पा उइके को महिला प्रभाग को प्रचार-प्रसार के माध्यम से आमंत्रण करने की जवाबदारी दी गई है। मुड़ादार एवं घुमका तहसील अध्यक्ष संत प्रसाद एवं राजनांदगांव तहसील अध्यक्ष कन्हैया टेकाम, डोगरगांव तहसील अध्यक्ष संतोष जी को प्रभार दिया गया है। जिला पदाधिकारी रामानंद उइके, पंचूराम ठाकुर, कृपाल उइके, श्याम साय मंडावी, रमेश मंडावी को आगे की जवाबदारी दी गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक में सैकड़ों की तादाद में उपस्थित हुए। जितेन्द्र पडौटी उपाध्यक्ष, रमेश मंडावी महसचिव जिला गोड़ समाज को सयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति द्वारा ज्ञापित किया गया।

## रानी रश्मि देवी महाविद्यालय में मना कम्प्यूटर साक्षरता दिवस



खैरागढ़(दावा)। रानी रश्मि देवी शासकीय महाविद्यालय में 2 दिसंबर को कंप्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष सुश्री मोनिका जत्ती ने किया एवं कंप्यूटर की उपयोगिता और महत्व के बारे में छात्रों को जानकारी दी। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. उमेंद्र चंदेल ने कंप्यूटर के क्षेत्र में जागरूकता के बारे में छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. परमेश्वरी टंडिया, खेम्पल वर्मा, हिरेन्द्र ठाकुर, शबाना खान सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम से बदल गई हरीश चंद्र पैंकरा की जिंदगी



देशी गाय से कर रहे दुग्ध उत्पादन, घरेलू आवश्यकता हो रही पूरी

मोहला(दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम खुर्सीटिकुल, ग्राम पंचायत परसाटोला निवासी हरीश चंद्र पैंकरा की आजीविका में राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। हरीश चंद्र पैंकरा विगत कई वर्षों से पशु पालन का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे थे। लेकिन सीमित उत्पादन के कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता था।

पशुधन विकास विभाग से राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की जानकारी मिलने के बाद हरीशचंद्र ने अपनी देसी नस्ल की गायों में कृत्रिम गर्भाधान कराने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के तहत उन्होंने साहिवाल एवं गिर नस्ल के हिमीकृत वीर्य का उपयोग कराया। परिणाम बेहद सफल रहे उनकी गायों से उन्नत नस्ल की बछियाएं (एफ-1 एवं एफ एफ-2) जनरेशन जन्म लेने लगीं। समय के साथ जब ये बछिया गाय बनीं, तो इनके दुग्ध उत्पादन में वृद्धि देखने को मिली। बढ़ते उत्पादन ने हरीश चंद्र पैंकरा के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया। अब उन्हें बाहर से दूध खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ती। घर पर ही पर्याप्त मात्रा में दूध उपलब्ध हो रहा है। जिससे उनके परिवार को दही, घी, मक्खन जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। इस प्रकार परिवार के लिए प्रोटीन और पोषण के स्रोत घर पर ही तैयार होने लगे हैं। राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम ने हरीश चंद्र पैंकरा को न सिर्फ आर्थिक रूप से सशक्त बनाया, बल्कि उन्हें पशुपालन के क्षेत्र में उन्नत और वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की दिशा में भी आगे बढ़ाया। आज उनकी कहानी ग्रामीण क्षेत्र में पशुधन सुधार का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी है, जो बताती है कि सही जानकारी और तकनीक अपनाने से ग्रामीण आजीविका कैसे मजबूत हो सकती है।

# नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ में मनाया गया 77वां एनसीसी दिवस



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 77वां एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रिटायर्ड सूबेदार मेजर एवं योद्धा अकादमी के प्रमुख ए. तिरुपति राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानियों एवं क्रांतिकारियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा मार्च-पास्ट का प्रदर्शन किया गया। पूरे परेड की कमान सीनियर अंडर ऑफिसर अरसला ने संभाली। परेड में कुल चार प्लाटून शामिल थे प्रथम प्लाटून का कमान – जूनियर अंडर ऑफिसर करण साहू, द्वितीय प्लाटून का कमान – जूनियर अंडर ऑफिसर पायल, तृतीय प्लाटून का कमान – कैडेट योगिता, चतुर्थ प्लाटून का कमान – कैडेट हितेश एवं पायलटिंग का दायित्व दीपिका सेन एवं लाली सेन ने निभाया।

पुरस्कार वितरण में सीनियर अंडर ऑफिसर नरेश साहू ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डाली यादव, कामिनी, कुष्मिता, प्रियंका सहित कई कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में दिनेश वर्मा, दीप्ति रामटेक एवं राधिका महोबिया ने प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत कर सराहना प्राप्त की। विशेष अतिथि ए. तिरुपति राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सी सर्टिफिकेट के लिए कैडेट्स को तीन वर्ष तक नियमित रूप से एनसीसी का प्रशिक्षण पूर्ण करना आवश्यक है। एक वर्ष बाद एनसीसी छोड़ देने वाले कैडेट्स को भविष्य में किसी प्रकार का लाभ नहीं मिलता।

उन्होंने कहा कि सी सर्टिफिकेट प्रतियोगी परीक्षाओं एवं साक्षात्कारों में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।कार्यक्रम का संचालन एनसीसी केयर टेकर गुलशन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जांबुलकर, डॉ. आशा चौधरी, डॉ. आर. आर. कोचे, एच. आर. पदमे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, अतिथि व्याख्याता डॉ. नीता राजपूत, डॉ. येशुकृति हजारे, डॉ. सपना परिहार, नीलम सिन्हा, झरना साहू, अनिमा मिंज, मंजू धनकर, श्रीमती मीनाक्षी साहू सहित एनसीसी कैडेट एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## डोंगरगढ़ स्टेडियम को जनभागीदारी समिति ने भेंट की ग्रास मशीन

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के स्टेडियम की नियमित सफाई एवं समुचित रखरखाव के उद्देश्य से महाविद्यालय जनभागीदारी समिति मद से एक ग्रास कटर मशीन भेंट की गई। यह मशीन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन द्वारा महाविद्यालय को सौंपा गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. वी. रेवती, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रदीप जांबुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम. एल. नंदेश्वर सहित खिलाड़ी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। क्रीड़ा अधिकारी डॉ एम एल नंदेश्वर ने बताया कि ग्रास कटर मशीन उपलब्ध होने से स्टेडियम की साफ-सफाई कार्य में गति आएगी तथा खेल गतिविधियों के लिए और भी स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण तैयार हो सकेगा। महाविद्यालय परिवार ने इस सुविधा विस्तार हेतु जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सहित समस्त सदस्यों एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे का आभार व्यक्त किया।

# प्राथमिक विद्यालय इग्नाइट में वार्षिक उत्सव एवं मैगज़िन 'इग्नाइट' विमोचन का भव्य आयोजन



एलूमिनी मीट का भी आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सरकारी इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय गंजपारा इग्नाइट में आज वार्षिक उत्सव, एलुमिनी मीट एवं विद्यालय की प्रथम वार्षिक मैगज़िन 'इग्नाइट' के विमोचन का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ पूर्व छात्र भीखम छाजेड़, कुशलचंद बैद, डॉ. प्रकाश सदानी, अनिल बरडिया, डॉ. राजेश सदानी, गौतम पारख तथा महेन्द्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। मैगज़िन 'इग्नाइट' का विमोचन एसएमसी मेंबर एवं पूर्व छात्र, वार्ड 39 के पार्षद रवि सिन्हा, प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे एवं प्रधान पाठिका श्रीमती राबिया शादाब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर सैनिक विद्यालय में चयनित नुव्यांश साहू, नवोदय विद्यालय में चयनित नैतिक साहू तथा हॉकी खिलाड़ी ख्याति साहू का सम्मान किया गया। साथ ही शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी छात्र सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें देशभक्ति, कला एवं सांस्कृतिक समृद्धि के विभिन्न रंग देखने को मिले। विद्यालय परिवार, आयोजन समिति एवं पूर्व छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

# सुरगी उच्चतर माध्यमिक शाला में नए प्राचार्य वाय.आर. साहू ने ग्रहण किया कार्यभार



शिक्षकों, विद्यार्थियों ने किया गर्मजोशी से स्वागत, विद्यालय में उत्साह का माहौल

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री के गोदग्राम आदर्श ग्राम सुरगी स्थित शा. उच्चतर माध्यमिक शाला में आज नए प्राचार्य वाय.आर.साहू ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। 34 वर्ष की दीर्घ एवं उत्कृष्ट शिक्षकीय सेवा के बाद पहली बार प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए श्री साहू के कार्यभार ग्रहण को लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि, उनके नेतृत्व में विद्यालय शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अनुशासन के क्षेत्रों में नए मानक स्थापित करेगा। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात प्राचार्य श्री साहू ने विद्यालय की सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने देर से विद्यालय आने वाले और अव्यवस्थित बाल रखने वाले विद्यार्थियों को आवश्यक समझाइश दी। इसके बाद उन्होंने शिक्षक स्टाफ की बैठक लेकर विद्यालय के परिणामों में सुधार लाने, शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने और कमियों को शीघ्र दूर करने संबंधी दिशा-निर्देश दिए। उनके सरल व विनम्र व्यवहार से विद्यालय का पूरा स्टाफ बेहद प्रसन्न दिखा और सभी ने मिलकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण कराया।

विद्यालय परिसर में आज का दिन उत्साह, ऊर्जा और उम्मीदों से भरा रहा। सभी ने विश्वास जताया कि नए प्राचार्य वाय.आर. साहू के नेतृत्व में विद्यालय प्रगति की नई दिशा तय करेगा।

# दाऊ रामचंद्र देशमुख अलंकरण देने हेतु संस्कृति मंत्री को सौंपा ज्ञापन





राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में एकत्रित हुए प्रदेश भर के कवि/साहित्यकार एवं रंगधर्मी कलाकारों द्वारा वरिष्ठ कवि/साहित्य आत्माराम कोशा 'अमात्य' के नेतृत्व में संस्कृति मंत्री को ज्ञापन सौंपकर लोक सांस्कृतिक क्रांति के जनक संस्था चंदैनी-गोंदा के संस्थापक श्रद्धेय दाऊ रामचंद्र देशमुख के नाम पर राज्य अलंकरण दिए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर उपस्थित धरसीवां के विधायक व छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार अनुज शर्मा व अन्य लोक कलाधर्मियों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए राज्य शासन द्वारा दाऊ रामचंद्र देशमुख के नाम से सम्मान दिये जाने को गर्व का विषय बताया। बता दें कि गत दिनों छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा राजधानी रायपुर के महंत राजा सर्वेश्वरदास आडिटोरियम में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल थे। कार्यक्रम में पूर्व संस्कृति मंत्री व वर्तमान सांसद-रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष मोना सेन, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा उपस्थित रहे।

आठवीं अनुसूची में दर्ज होगी छत्तीसगढ़ी भाषा इस दौरान संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में दर्ज करने के लिए पूर्व में प्रयास किए जा चुके हैं। अब पूरी तैयारी के साथ केंद्र को प्रस्ताव भेज कर इसे जल्द पूरा किया जाएगा। पूर्व संस्कृति मंत्री व सांसद श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ी को छत्तीसगढ़ की अस्मिता बताते हुए इसे आठवीं अनुसूची में दर्ज कराने इसकी तैयारी पर जोर दिया।

राजभाषा आयोग में गूंजी मोबाइल कविता

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग दिवस के आयोजन में जहां छत्तीसगढ़ी को छठवीं अनुसूची में दर्ज पर चर्चा गोष्ठी आयोजित रही वहीं प्रदेश भर से आए दिग्गज कवियों का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें राजनांदगांव की सुप्रसिद्ध कवयित्री सुषमा शुक्ला 'अंशुमन' ने छत्तीसगढ़ी में मोबाइल कविता सुना कर खासी वाहवाही पाई। उक्त कविता का जूनून लोगों में ऐसा छाया रहा है। संचालन कर रहे रंगधर्मी विजय मिश्रा 'अमित' इसे माहौल में गुंजायमान करते रहे। इसी तरह हर्षा देवांगन, गायत्री साहू आनंद राम सार्वा अनंत की कविताएं भी तालियां बटोरी।

0 अभिलाषा बेहार का किया गया सम्मान

छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस अवसर पर राजनांदगांव जिले से पधारे कवि/साहित्यकारों ने छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा पूर्व संस्कृति मंत्री, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के हाथों छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव अभिलाषा बेहार का शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा 'अकाट्य' सचिव-मानसिंह मौलिक, उपाध्यक्ष -सुषमा शुक्ला 'अंशुमन' संरक्षक-एवं राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक-आत्माराम कोशा 'अमात्य', वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू, पीसी लाल यादव, लखन लाल साहू 'लहर' गजेंद्र हरिहारणो 'दीप' महेंद्र बघेल 'मधु' आनंदराम सार्वा 'अनंत' हर्षा देवांगन, पद्मा पर्वणी, गायत्री साहू, सियाराम साह, सहित बड़ी संख्या में कवि/साहित्यकार एवं कला धर्मियो की गरिमामय उपस्थिति बनी रही। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**साय कैबिनेट का बड़ा फैसला....**

30,000 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। यह व्यवस्था राज्य में सौर ऊर्जा अपनाने को प्रोत्साहित करेगी और आने वाले समय में उपभोक्ताओं को हाफ बिजली से फ्री बिजली की ओर ले जाएगी। छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम, 2002 में स्थानीय लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से क्रय को प्रोत्साहन देने तथा जेम पोर्टल में क्रय की स्पष्टता के लिए संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। इन संशोधन से क्रय प्रक्रिया का सरलीकरण होगा, पारदर्शिता में वृद्धि होगी, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा तथा समय और संसाधनों की बचत होगी। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 (क्र. 21 सन् 2018) में संशोधन हेतु छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना संशोधन विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के रिफॉर्म्स और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

**जवानों ने 12 नक्सलियों को किया ढेर.....**

के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गई। लेकिन 15 दिनों के अनुकूल माहौल के बावजूद जब आत्मसमर्पण को लेकर बटालियन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं नजर आई और बटालियन से आत्मसमर्पण के संपर्क खत्म होने के बाद एक बार फिर से एजेंसियों के निर्देश पर ऑपरेशन को तेज किया गया है। इससे पहले डीकेएसजेडसी सदस्य ने अपने 9 साथियों के साथ लाल गलियारे को त्याग करते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि लगातार नक्सली की टीम बिखरती जा रही है, नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर नक्सली अब धीरे-धीरे जागरूक होते जा रहे है और अपने साथियों को समर्पण करने के लिए तैयार कर रहे हैं। इसी का परिणाम था कि डीकेएसजेडसी सदस्य चैतू उर्फ श्याम दादा के साथ ही उसके 9 साथियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलियों के दरभा डिवीजन में कई वर्षों तक उनके साथ काम करने के साथ ही उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले चैतू उर्फ श्याम दादा ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इस समर्पण के साथ ही दरभा डिवीजन और भी कमजोर हो गई। चैतू दादा उर्फ श्याम ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि कॉलेज के दिनों में ही वे नक्सलियों के मेडिकल टीम के संपर्क में आया और वर्ष 1985 में भूमिगत हो गया था।

**संचार साथी ऐप: अब फोन में प्री-इंस्टॉल......**

है। ये तो सरकार का हाथी है जो आपके फोन के अंदर घुस आया है- बिल्कुल 'हाथी मेरे साथी' फिल्म की तरह! जासूसी की इनकी पुरानी आदत है, पुरानी बीमारी है। गुजरात में तो ये इसी के लिए मशहूर हैं। सरकार की ओर से भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि यह एप न तो व्यक्तिगत डेटा पढ़ता है और न कॉल रिकॉर्ड करता है। इसका उद्देश्य केवल डिजिटल सुरक्षा बढ़ाना है, जैसे फ्रॉड कॉल पकड़ना, फर्जी सिम की पहचान करना, और चोरी के मोबाइल फोन ट्रैक करना। सरकार ने दावा किया कि इस तकनीक की मदद से अब तक 7 लाख से ज्यादा चोरी या गुम मोबाइल वापस मिल चुके हैं, जबकि DoT के अनुसार सितंबर तक 22.76 लाख डिवाइस ट्रेस किए जा चुके थे।

**इंडिगो ने क्रू की कमी के चलते 70 से.....**

रद्द कर दी गईं और देरी से उड़ान भरी गईं। परिचालन संबंधी महत्वपूर्ण व्यवधानों का सामना कर रही देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि उसने परिचालन को सामान्य करने के लिए अगले 48 घंटों के लिए अपने समय-सारिणी में सुनियोजित तरीके से बदलाव किया है। सूत्रों के अनुसार, अगले 48 घंटों के लिए एयरलाइन समायोजन के तहत उड़ानों को रद्द करेगी या उनके समय में बदलाव करेगी। बुधवार को अपने दूसरे बयान में इंडिगो के प्रवक्ता ने स्वीकार किया कि पिछले दो दिनों से पूरे नेटवर्क में उसका परिचालन काफी बाधित रहा है, और उन्होंने यात्रियों से असुविधा के लिए खेद जताया। एयरलाइन ने कहा, छोटी-मोटी तकनीकी गड़बड़ियों, सर्दियों के मौसम के कारण शेड्यूल में बदलाव, खराब मौसम, विमानन प्रणाली में भीड़भाड़ बढ़ने और नए क्रू रोस्टरिंग नियमों (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) के कार्यान्वयन के कारण परिचालन के स्तर पर अप्रत्याशित चुनौतियां आईं। इन चुनौतियों का पहले से अनुमान लगाना संभव नहीं था।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, छह प्रमुख घरेलू हवाई अड्डों पर समय से चलने के मामले में इंडिगो का प्रदर्शन मंगलवार को घटकर 35 प्रतिशत रह गया। इस मापदंड पर एयर इंडिया का 67.2 प्रतिशत, एयर इंडिया एक्सप्रेस का 79.5 प्रतिशत, स्पाइसजेट का 82.50 प्रतिशत और अकासा एयर का 73.20 प्रतिशत प्रदर्शन रहा। नवीनतम उड़ान ड्यूटी समय सीमा मानदंड (एफडीटीएल) के तहत साप्ताहिक विश्राम अवधि को बढ़ाकर 48 घंटे करना, रात्रिकालीन घंटों का विस्तार करना, और रात्रि लैंडिंग की संख्या को पहले के छह के मुकाबले केवल दो तक सीमित करना शामिल है। शुरुआत में इंडिगो, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया और अन्य घरेलू एयरलाइनों ने इन मानदंडों का विरोध किया गया था। लेकिन बाद में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद डीजीसीए ने इन्हें लागू कर दिया। इन एफडीटीएल मानदंडों का पहला चरण जुलाई से लागू हुआ, जबकि दूसरा चरण, जिसके तहत रात्रि लैंडिंग को पहले के छह से दो तक सीमित कर दिया गया, 1 नवंबर से लागू किया गया। ये मानदंड मूल रूप से मार्च 2024 से लागू किए जाने थे, लेकिन इंडिगो सहित एयरलाइनों ने अतिरिक्त चालक दल की आवश्यकताओं का हवाला देते हुए चरण-दर-चरण कार्यान्वयन की मांग की। गुरुग्राम स्थित एयरलाइन वर्तमान में लगभग 2,300 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करती है और इनमें से एक महत्वपूर्ण हिस्सा रात में होता है। विमान बेड़े पर नज़र रखने वाली वेबसाइट प्लेनस्पॉटर डॉट कॉम के अनुसार, 2 दिसंबर तक इंडिगो के बेड़े में कुल 416 विमान थे, जिनमें से 366 परिचालन में थे और 50 जमीन पर थे, जबकि पिछले महीने यह संख्या 47 थी।

**छत्तीसगढ़ में ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल का.....**

को भी अधिक प्रभावी बनाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल राज्य में डिजिटल शासन, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ई-गजट पोर्टल के शुभारंभ से अब राजपत्र प्रकाशन अधिक सुगम, समयबद्ध और आधुनिक स्वरूप में उपलब्ध हो सकेगा।

**ब्रह्मोस मिसाइल के एडवांस वर्जन.....**

में रूस द्वारा यूक्रेन पर अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से ये राष्ट्रपति पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी. पुतिन का 4 दिसंबर की शाम को नई दिल्ली पहुंचने का कार्यक्रम है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आधिकारिक आवास पर एक निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे. 5 दिसंबर की सुबह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति पुतिन का औपचारिक स्वागत किया जाएगा और फिर तीनों सेनाओं द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा. कार्यक्रम के अनुसार, इसके बाद पुतिन राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और फिर मोदी के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए हैदराबाद हाउस रवाना होंगे. वार्ता के बाद प्रमुख घोषणाएं और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और दोनों नेता मीडिया को बयान जारी करेंगे.

# चुनाव से पहले ममता बनर्जी का वक्फ वाला दांव, कहा- किसी की जमीन छूने नहीं दूंगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ संशोधन कानून 2025 को लेकर भाजपा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि यह कानून केंद्र लाया है और उनकी सरकार किसी भी हाल में लोगों की संपत्ति को छूने नहीं देगी। मालदा में सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए ममता ने इसे धर्म के नाम पर राजनीति कराने की कोशिश बताया और साफ कहा कि वह धर्म आधारित राजनीति नहीं करतीं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि कुछ सांप्रदायिक ताकतें धर्म के नाम पर समाज में दरार डालने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून भाजपा लेकर आई है और उनकी सरकार ने न केवल विधानसभा में इसका विरोध कर प्रस्ताव पारित किया, बल्कि सुप्रीम कोर्ट भी गई। ममता ने जनता को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी की जमीन या संपत्ति पर कोई हाथ नहीं डाल सकता और राज्य सरकार किसी भी तरह के धार्मिक टकराव को बढ़ावा नहीं देगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य की स्थिति वक्फ कानून को लेकर एक बार फिर विवाद में आ गई है। हाल ही में राज्य सरकार ने जिलाधिकारियों को केंद्र की यूएमआईडी पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का डेटा अपलोड करने को कहा, जिससे नए सिरे से असहज स्थिति पैदा हो गई है।

# कुआं निर्माण बना मनीराम के जीवन में तरक्की का जरिया

खैरागढ़ (दावा)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने ग्राम टेकापार के कृषक मनीराम साहू के जीवन में नई दिशा प्रदान की है। मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कुआं निर्माण से न केवल उनके खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति भी पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गई है।

ग्राम सभा में जब ग्रामीणों को मनरेगा के व्यक्तिगत लाभ वाले कार्यों की जानकारी दी गई तब मनीराम ने कुआं निर्माण की इच्छा व्यक्त की, उनकी आवश्यकता को देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई और उनके नाम से दो लाख चालीस हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। तकनीकी सहायक हेमंत मेश्राम द्वारा ले-आउट उपलब्ध कराया गया और तकनीकी मार्गदर्शन में कार्य शुरू हुआ।मनीराम का परिवार पूरी तरह कृषि और मजदूरी पर आश्रित था। निर्माण सामग्री जुटाना उनके लिए बड़ी चुनौती थी, परंतु ग्राम पंचायत ने सहयोग करते हुए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। कई आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद मनीराम ने हिम्मत



सिंचाई व निस्तारी की समस्या दूर, खेतों में फिर लौटी हरियाली

नहीं हारी और कार्य को निरंतर आगे बढ़ाते हुए कुआं निर्माण पूरा करवाया। कार्य के दौरान ग्रामीणों को रोजगार भी मिला और मजदूरी की राशि सीधे बैंक खातों में जमा कराई गई। निर्माण में आवश्यक सामग्री का उपयोग किया गया और कार्य क्रमबद्ध तरीके से पूरा हुआ।

### कुआं तैयार होने के बाद मनीराम के जीवन में बड़ी सकारात्मक बदलाव आया

पहले जहां असामयिक बारिश और सिंचाई की कमी से फसलें नष्ट हो जाती थीं, वहीं अब डीजल पंप के माध्यम से नियमित सिंचाई होने लगी है। गेहूं, धान, सोयाबीन और चना जैसी फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। आमदनी बढ़ने से परिवार का पालन-पोषण सहज हो गया है और जीवन स्तर में भी स्पष्ट सुधार आया है। अब वे अपने खेतों के साथ-साथ आसपास के खेतों की सिंचाई में भी मदद कर पा रहे हैं, जिससे उनका मान-सम्मान गांव में और बढ़ गया है।

### मनीराम साहू बताते हैं कि वे साधारण परिवार से हैं

कृषि व मजदूरी ही उनका जीवनयापन का प्रमुख साधन था। मनरेगा के अंतर्गत कुआं निर्माण स्वीकृत होने से उनकी परिस्थितियाँ बदलीं और आज वे पहले की तुलना में अधिक आय अर्जित कर पा रहे हैं। सालभर फसल लेने की सुविधा मिलने से भविष्य सुरक्षित हुआ है और परिवार में खुशी का माहौल है। वे कहते हैं कि यह योजना उनके लिए उम्मीद की नई किरण साबित हुई है।

## जिला साहू संघ उपाध्यक्ष महेश्वर साहू सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। नगर साहू संघ एवं तहसील साहू संघ डोंगरगांव का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू व अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू ने की। वहीं खुज्जी विधायक भोलाराम साहू तथा पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान जिला साहू संघ उपाध्यक्ष महेश्वर साहू का स्मृति चिन्ह एवं वस्त्र भेंटकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए संगठन को मजबूत करने और समाज उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

# संचार साथी ऐप पर गंभीर आपत्तियाँ

डोंगरगढ़ (दावा)। दूरसंचार विभाग द्वारा जारी संचार साथी ऐप ने देशभर में गहरी चिंताएँ खड़ी कर दी हैं। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि इस ऐप के माध्यम से केन्द्र सरकार सुरक्षा के नाम पर नागरिकों की निजी जानकारी तक पहुँच बनाना चाहती है, जो न केवल अनुचित है बल्कि संवैधानिक अधिकार–निजता–का खुलेआम उल्लंघन है।

विष्णु लोधी ने कहा कि यह ऐप जिस प्रकार कॉल और एसएमएस लॉग, फोटो-फाइल, कैमरा और स्वतः एसएमएस भेजने जैसी अत्यधिक संवेदनशील अनुमतियाँ मांग रहा है, वह किसी भी लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं हो सकता।ऐप बिना स्पष्ट सहमति के मोबाइल नंबरों को पंजीकृत करता है और



नागरिक अधिकारों के लिए खतरा, ऐप को तत्काल लागू होने से रोका जाए - विष्णु लोधी

उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों की गहन निगरानी का मार्ग खोलता है।उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था 'फ्रॉड रिपोर्टिंग' के नाम पर सरकार को नागरिकों की दिनचर्या, संपर्कों और फोन उपयोग की विस्तृत जानकारी देने जैसा है। ऐसा कदम न सिर्फ अविश्वास पैदा करता है बल्कि सरकार की मंशा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

नागरिक अधिकारों के लिए खतरा, ऐप को तत्काल लागू होने से रोका जाए - विष्णु लोधी

विष्णु लोधी ने जोर देते हुए कहा कि–यह ऐप नागरिक स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा है और इसे किसी भी रूप में लागू नहीं किया जाना चाहिए।'उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार का काम नागरिकों की सुरक्षा करना है, न कि उनकी निजी गतिविधियों पर तकनीकी नियंत्रण स्थापित करना।

ऐसे ऐप देश के भरोसे के माहौल को कमजोर करते हैं और डिजिटल अधिकारों को खतरे में डालते हैं। श्री लोधी का मानना है कि, जनता की निजता सर्वोच्च है, और जब तक इस ऐप की मंशा और पारदर्शिता स्पष्ट नहीं होती–इसका लागू होना पूरी तरह रोका जाना चाहिए।

# शासकीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आनंद मेला



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आनंद मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. हेमलता गायकवाड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

आनंद मेला में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। साथ ही मनोरंजन के आकर्षक साधनों एवं छिंद के पत्तों से निर्मित कलाकृतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर ने कहा कि, आनंद मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि इससे छात्र-छात्राओं में व्यावसायिक क्षमताओं का विकास होता है और उन्हें अपनी कला एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है।

कार्यक्रम में प्रो. मनोहर बोकडे, बी. आर. चंद्रवंशी, अरुण कुमार साहू, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, डॉ. कविता यदु, राहुल यादव, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा, प्रीति साहू, गौतम राव, रूपेश बांसोड़, सुभाष ठाकुर सहित महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली, खैरागढ़ में छात्राओं ने दिया जागरूकता का संदेश

खैरागढ़ (दावा)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में खैरागढ़ नगर में जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं अध्यक्ष



व्यवधानों पर विजय पाएँ, एड्स के प्रति सकारात्मक बदलाव लाएँ, रैली का संकल्प

जिला एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशन में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला (सेजेस) खैरागढ़ के प्राचार्य कमलेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कलेक्टर ने कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस सेजेस विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विश्व एड्स दिवस 2025 का संदेश 'व्यवधानों पर विजय पाएँ, एड्स की प्रतिक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाएँ' जनसाधारण तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम में जिले के स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी, सेजेस विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी, परामर्शदाता अर्चना शांडिल्य, ओआरडब्ल्यू धर्मेंद्र तथा तलाश संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने जागरूकता प्रयासों में सहभागिता दी।

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली के निर्देश पर छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में लिंक एआरटी केंद्र का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इस केंद्र के माध्यम से जिले के एचआईवी प्रभावित व्यक्तियों को एआरटी दवाइयों एवं काउंसलिंग सेवाओं की स्थानीय स्तर पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे उन्हें उपचार में और अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

# सुपर ओवर मैच में राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी ने दुर्ग डीसीए को हराया

राजनांदगांव (दावा)। क्रिकेट एकेडमी एवं डी.सी.ए. दुर्ग टीम के मध्य कमला कॉलेज ग्राउण्ड में 40-40 ओवर का एक दिवसीय नया टर्फ विकेट में मैच खेला गया। टॉस जीतकर दुर्ग की टीम ने पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आर.सी.ए. राजनांदगांव की टीम ने ओपनिंग जोडी में हित देवांगन, विजेन्द्र यादव पहला विकेट के रूप में अंश अग्रवाल द्वारा बोल्ड किया गया। हित देवांगन ने 15 चौके, 93 बॉल पर की मदद से 73 रन बनाया। रियांश मंडावी 17 रन, अर्ष खान ने 6 रन बनाया, पूरी टीम 32.2 बॉल पर 156 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई। अतिरिक्त 52 रन जिसमें व्हाईट 31, नो बॉल 12, बाई 9 रन रहे। गेंदबाजी करते हुए दुर्ग के आदित्य वर्मा को 1 विकेट, अंश अग्रवाल को 7 विकेट, प्रेम सागर यादव को 1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए दुर्ग डी.सी.ए. की ओपनिंग जोडी वासु सोनकर, राजवीर जंघेल 14 रन पर पहला विकेट अर्श खान ने



मैन ऑफ द मैच हित देवांगन को दिया गया

एबीडब्लू आऊट किया। प्रांजल साहू 22 रन, आदित्य मिश्रा 17 रन, अंश अग्रवाल 22 रन पूरी टीम 156 बनाकर 33.1 बॉल पर ऑलआऊट हो गई।

गेंदबाजी करते हुए हर्ष उइके 2 विकेट, अर्श खान 2 विकेट, भव्य सूर्या, 2 विकेट प्राप्त किया। अतिरिक्त 51 रन जिसमें 32 व्हाईट, नो बॉल 6, 13 बाई मिला। दोनों टीम दुर्ग और राजनांदगांव के मध्य मैच टाई होने पर सुपर ओवर खेला गया। पहले दुर्ग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 रन बनाये, बाद में आरसीए ने पांच बनाकर सुपर ओवर मैच में हित देवांगन 3 रन बनाकर मैच को जिताया। मैन ऑफ द मैच हित देवांगन को दिया गया। एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आईपीएल प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अम्लाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा, मनोज साहू एवं जोई थामस सहायक कोच सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

# सेवा, सुशासन और जनकल्याण से बदलता छत्तीसगढ़

छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्ष गरीब कल्याण, सुशासन और जनविश्वास को समर्पित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और राज्य सरकार की पारदर्शिता ने मिलकर प्रदेश को नई दिशा व नई गति प्रदान की है। जनकल्याण के इस दौर ने गांव से शहर तक हर वर्ग के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन लाए हैं।

इसी अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि 'आज छत्तीसगढ़ वास्तव में सेवा और सशक्तिकरण की ओर बढ़ते परिवर्तन का प्रतीक बन चुका है। मोदी जी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन के कारण जन-जन के सपनों को पंख मिले हैं। सरकार की हर योजना का उद्देश्य सीधे आमजन के जीवन में सुख, सुरक्षा और समृद्धि लाना है। 'उन्होंने कहा कि हाल ही में लागू और पुनः प्रारंभ की गई योजनाओं ने गरीब, किसान, महिला, युवा और श्रमिक वर्ग को नई आशा दी है।

महतारी वंदन योजना महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण को समर्पित यह योजना



मोदी की गारंटी और विष्णु सरकार की प्रतिबद्धता से विकास का स्वर्णिम अध्याय - किरण रविन्द्र वैष्णव

प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा का नया अध्याय लिख रही है। भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना भूमिहीन श्रमिकों को वित्तीय मजबूती प्रदान कर उन्हें सुरक्षित जीवन का आधार दिया गया है।

कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रुपये प्रति क्विंटल राज्य सरकार द्वारा किसानों को बड़ा लाभ देते हुए 21 क्विंटल तक धान की खरीदी की जा रही है। किसानों के मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें उचित दाम और स्थिर आय का भरोसा दिया गया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए पुनः शुरू चरण पादुका योजना जंगली इलाकों के सबसे मेहनतकश वर्ग-तेंदूपत्ता संग्राहकों को संरक्षण, सम्मान और सुविधा देने हेतु यह बहुप्रतीक्षित योजना पुनः प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए आस्था और संस्कृति से जुड़ाव का अवसर उपलब्ध कराने हेतु पुनः प्रारंभ, जिससे हजारों लोगों को धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहरों का दर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना की तेज स्वीकृति गरीब, जरूरतमंद और बेघर परिवारों को पक्के मकान दिलाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि। हजारों नए आवास स्वीकृत, जिससे हर परिवार को गरिमा और सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

श्रीमती वैष्णव ने कहा 'ऐसे अनेकों योजनाओं से हर गरीब, हर किसान, हर महिला और हर आम नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने का संकल्प हैं। छत्तीसगढ़ आज जिस गति से आगे बढ़ रहा है, वह आने वाले वर्षों में प्रदेश को एक समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करेगा।' छत्तीसगढ़ आज सेवा, परिवर्तन और विकास के उज्ज्वल पथ पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

## बच्चों में मधुमेह के संबंध में जागरूकता हेतु कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ द्वारा बच्चों में मधुमेह (टाइप 1 डायबिटीज या बाल मधुमेह) की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता के लिए प्रथम चरण उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा टाइप 1 डायबिटीज का स्वास्थ्य पर बढने वाले विपरीत प्रभाव एवं इसकी जल्द से जल्द पहचान, उसके अनुरूप इलाज एवं विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में टाइप 1 डायबिटीज की पहचान, उपचार व प्रबंधन, काउंसलिंग, रोगी सहायता समूह की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक सहयोग सहित अन्य विषयों के बारे में बताया गया।

इस दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए तथा टाइप 1 डायबिटीज से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह, एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. खुम्मान सिंह मण्डावी, एवं सीएचओ शामिल हुए।

# एनएसएस इकाई द्वारा जनजागरूकता अभियान कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वास्थ, साफ सफाई, गुड टच बेड टच सहित पोषण की दी जानकारी

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के दिशा निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदमे एवं महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'सुरक्षित पारा, सुरक्षित लइका मन' थीम पर जन जागरूकता अभियान संचालित किया गया।

यह अभियान डोंगरगढ़ विकासखंड के चयनित ग्राम मुसरा, मोहारा एवं खुर्सीपार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों और मिडिल स्कूल के बच्चों को स्वास्थ्य, साफ-सफाई, नशा मुक्ति, पोषण आहार तथा गुड टच, बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। ग्राम के चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए तथा दीवारों पर नारा लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को संदेश दिए गए।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रेवती ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि नशा आज समाज के लिए अत्यंत गंभीर समस्या बन चुका है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन को प्रभावित करता है। नशा व्यक्ति को आत्म-नियंत्रण से दूर ले जाकर विनाश की ओर धकेल देता है, इसलिए नशा मुक्ति के प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाईस्कूल के प्राचार्य, महाविद्यालय परिवार, यूनिसेफ टीम, एनएसएस स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं तथा ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

इस अवसर पर टीचिंग स्टाफ, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता प्रदान की।

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।




कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों ने पारीकला गांव जाकर एड्स जागरूकता रैली निकाली एवं दीवारों पर जागरूकता स्लोगन लिखे, जिससे ग्रामीण समुदाय में भी प्रभावी संदेशों का प्रसार हो सका।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व स्थानीय समुदाय में एचआईवी एड्स के प्रति सही जानकारी, जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई, मानव श्रृंखला से हुई, जिसमें 'स्वास्थ्य ही सुरक्षा' का संदेश दिया गया। इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने एड्स रोकथाम से संबंधित जागरूकता, सावधानियों और सामाजिक जिम्मेदारी पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा, 'ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों का विकास करते हैं। जागरूक युवा ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं।'

एनएसएस प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा, 'जागरूकता ही एड्स के खिलाफ सबसे मजबूत ढाल है। जब युवा आगे आते हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव अवश्य आता है।

समाज में एड्स के प्रति सही जानकारी पहुंचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। आज विद्यार्थियों ने इस जिम्मेदारी को उत्साह के साथ निभाया।' यूथ रेडक्रॉस प्रभारी ने भी इस संयुक्त पहल में सामाजिक उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता और सामुदायिक सहयोग की भावना को मजबूती प्रदान की तथा स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता का प्रभावशाली संदेश स्थापित किया। पूरे कार्यक्रम में छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन और भी प्रभावी एवं परिणामकारी बन गया।

## आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृति दी है।

इसमें तहसील खैरागढ़ के अंबेडकर चौक वार्ड क्रमांक 18 के निवासी अमित यादव की मृत्यु बाढ़ के पानी में डूबने से होने पर मृतक अमित यादव के निकटतम वारिसान नीरा यादव अंबेडकर चौक वार्ड क्रमांक 18 तहसील खैरागढ़ को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। संबंधित तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वीकृत राशि का आहरण कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें।

# व्यावसायिक प्रशिक्षकों का वार्षिक सम्मेलन एवं मिलन समारोह सम्पन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। छतीसगढ़ नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ का वार्षिक सम्मेलन समारोह एवं संगोष्ठी कार्यक्रम दिनांक 30-11-2025 को दूधाधारी सत्संग भवन मठपारा रायपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमे राज्य के सभी जिले के 500 से अधिक प्रशिक्षक सम्मिलित हुये जिसमें व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में विभिन्न प्रकार कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी । जिसमे मंच संचालन श्री संजय ठाकुर एवं श्री भोज राठौर के द्वारा किया गया । जिसमे प्रथम नवीन कार्यकारिणी का स्वागत, भविष्य की कार्ययोजना एवं आगामी वर्ष के लिए मजबूत कार्ययोजना विषय पर बात रखने के लिए मंचस्थ सभी पदधिकारियों को आमंत्रित किया ।

व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ के अध्यक्ष भूपेश कुमार साहू ने संघ के वार्षिक कार्य के साथ



वर्तमान के परिस्थितियों से सभी प्रशिक्षको को अवगत कराते हुये भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जिसमे सभी प्रशिक्षकों के लिए एक समान उच्च मानदेय नीति नए व पुराने प्रशिक्षकों के लिए ?38100/- से अधिक एक समान वेतनमान लागू करने हेतु प्रभावी एवं ठोस रणनीति का निर्माण । व्यावसायिक प्रशिक्षकों को नियमितिकरण एवं प्रशिक्षकों को स्थायी दर्जा दिलाने के लिए स्पष्ट, कानूनी एवं व्यवहारिक नियमितिकरण रोडमैप तैयार करने हेतु शिक्षा मंत्री से मिलने हेतु बाते रखी गयी ।आउटर्सोसिंग/प्लेसमेंट कंपनियों के पीएफ़ और ईएसआईसी कंट्रिब्यूसन पर एक समान कटौती हेतु श्रम विभाग में पत्राचार।


विभाग द्वारा समय पर वेतन भुगतान हेतु कंपनी के साथ 3 माह के नियमित वेतन अनुबंध को बढ़ा कर 6 माह करने के लिए अनुबंध में बदलाव प्रस्ताव , सभी प्रशिक्षकों के लिए न्यायसंगत, स्पष्ट एवं पारदर्शी ट्रांसफर नीति तैयार करना।

पीएफ़ और ईएसआईसी को सभी प्रशिक्षकों तक पहुचाने हेतु पीएफ़ और ईएसआईसी की सुविधा सुनिश्चित करना तथा अनावश्यक एडमिनिस्ट्रेटिव चार्ज समाप्त करने हेतु प्रस्ताव तैयार करना । सभी जिलों के प्रशिक्षकों की समस्याओं, शिकायतों व समाधान हेतु विभाग में राज्य समन्वयक पद सृजित कराने का प्रस्ताव , अवकाश नीति का मानकीकरण हेतु सीएल मातृत्व अवकाश, चिकित्सकीय अवकाश आदि हेतु एक स्पष्ट, आधिकारिक व समान अवकाश नीति बनाने हेतु समग्र शिक्षा प्रबंधक से चर्चा हेतु प्रस्ताव एवं पत्राचार करने हेतु प्रस्ताव रखा एवं सचिव श्री अभिषेक ताम्रकार ने विगत वर्षो में वर्तमान एवं पूर्व संगठन द्वारा किए गए कार्यो का सम्पूर्ण विवरण, समीक्षा, विषय पर बाते रखी।

# धान उपार्जन केन्द्र घुमका में निरीक्षण के दौरान अवैध भंडारित 1294 बोरा धान जप्त

घुमका (दावा)। समर्थन मूल्य में धान खरीदी केंद्र कृषक सेवा सहकारी समिति घुमका में मंगलवार को 1249 कट्टा धान 40 की भर्ती 49 हजार 960 किलो कुल कीमत 15 लाख 48 हजार 760 रुपए का धान भौतिक सत्यापन में पकड़ा गया। जिला के अधिकारी अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा ने टीम के साथ खरीदी केंद्र में मंगलवार शाम 6:00 बजे दबिश दी। देर रात 12:30 तक भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें 1249 कट्टा धान केंद्र में अतिरिक्त पाया गया, जिसकी कागजी कार्यवाही जारी है।

खरीदी केंद्र में आखिर अतिरिक्त धान कहां से आया यह किसका धान है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। एसडीएम गौतम पाटिल ने कहा कि, जिला स्तर के अधिकारियों ने कार्यवाही की है, कार्यवाही जारी है। फड़ प्रभारी ढालेश्वर वर्मा ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन में अधिकारियों ने 1249 कट्टा धान अतिरिक्त पाया है, पंचनामा बनाकर अपने साथ ले गए, वहीं पर उन्होंने कहा कि, खरीदी गई धान की भौतिक सत्यापन में 1249 कट्टा का अंतर समझ से परे है। अवैध धान भंडारण के संबंध में एक व्यापारी के संलिप्तता की जांच जारी है। जांच उपरांत अग्रिम विधिक व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी ढोलश्वर वर्मा, आपरेटर मानवेन्द्र कुमार वर्मा, प्राधिकृत अधिकारी नोहेन्द्र सिन्हा, मुकरदम दुधेराम साहू एवं अन्य हमाल उपस्थित थे।



## व्यापारी के संलिप्तता की जांच जारी

बुधवार को धान खरीदी जारी रहा, किसानों की शिकायत है कि, धान खरीदी में पलटी का पैसा किसानों से ही वसूला जा रहा है। जबकि खरीदी के लिए शासन ने गाइडलाइन जारी करते हुए प्रति क्विंटल 34.77 पैसे की दर से समिति को भुगतान किया जा रहा है।

### धान खरीदी में हो रहा बड़ा खेल- दुबे

खरीदी केंद्र के निगरानी समिति के सदस्य एवं कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पीयूष दुबे ने कहा कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी के नाम पर यहां बड़ा खेल हो रहा है। अधिकारियों के द्वारा की गई भौतिक सत्यापन से यह स्पष्ट हो गया है। यहां स्थिति को सुधारने के लिए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में विगत दिनों अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया था। श्री दुबे ने प्रशासन से उम्मीद जताया कि पकड़े गए धान की असली मालिक कौन इसका शीघ्र ही पुष्टि कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जावेगा।

घुमका खरीदी केंद्र में मंगलवार तक पंजीकृत 2690 किसानों में से 357 किसानों से 21 हजार 166 क्विंटल की धान खरीदी ही हो पाई है किसान टोकन के लिए भटक रहे हैं, किन्तु टोकन नहीं मिल रहा। खरीदी की क्वांटिटी बढ़ाने की मांग भी की जा रही है। प्रतिदिन 2205 क्विंटल ऑनलाइन एवं 200 क्विंटल ऑफलाइन की खरीदी हो रही है, खरीदी की गति में सुधार नहीं आया तो सभी पंजीकृत किसानों का धान खरीदना आसान नहीं होगा।

# बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूलों के बदले टाइम-टेबल

## दो दिनों बाद फिर पड़ेगी कड़ाके की ठंड, शहर में अलाव जलने हुए शुरू

राजनांदगांव (दावा)। समुद्री तूफान दित्वाह के कहर मचाने के चलते एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। दित्वाह के श्रीलंका में तबाही मचाने से कई लोग मौत के मुंह में समा गए हैं। इस तूफान के चलते सर्दी ने अपना सितम ढाना शुरू कर दिया है। इससे न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया है। लोग ठंड से कांपने लगे हैं, इसे देखते हुए नगर निगम द्वारा गरीब व बेघर लोगों को ठंड से बचाने सार्वजनिक स्थलों व शहर के चौंक-चौराहे में अलाव जलाना शुरू कर दिया है।



इधर मौसम विभाग द्वारा इन परिस्थितियों के चलते तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरने की संभावना व्यक्त की गई है। याने कि आने वाले दो-तीन दिनों में और भी कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। शीतलहर का माहौल निर्मित हो सकता है।

### स्कूलों के टाइमिंग में किया गया बदलाव

बता दें कि जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए शहर के जागरूकजनों ने छोटे-छोटे बच्चों के स्कूलों के टाइम टेबल बदले जाने की मांग की थी। इसे देखते हुए प्रशासन ने स्कूल के समय में संशोधन किया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 2 दिसंबर से सभी स्कूलों का समय सुबह साढ़े 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों का समय दोपहर में सवा 12 बजे से साढ़े 4 बजे तक कर दिया गया है। एक पाली में चलने वाले स्कूलों का समय यथावत 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

बताया गया है कि, नया समय अगली सूचना तक प्रभावी रहेगा। बताते चलें कि, इन दिनों जिले का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 28 डिग्री तक पहुंच रहा है। इससे ठंड बढ़ी हुई है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने कहा है कि, यह बदलाव सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलो में समान रुप से लागू होगा वहीं निर्देश भी दिया है कि, शिक्षण संस्थान समय परिवर्तन का प्रचार प्रसार अभिभावकों व विद्यार्थियों तक तत्काल सुनिश्चित करें ताकि किसी को असुविधा न हो। अधिकारियों का कहना है कि ठंड और कोहरे की स्थिति को देखते हुए सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौसम सामान्य होते हैं स्कूल समय की पुनः समीक्षा की जाएगी।

# पूर्व सांसद अभिषेक के प्रयासों से डोंगरगांव क्षेत्र के किसानों को मिलने लगा टोकन

## ग्राम किरगी के किसानों में हर्ष की लहर

राजनांदगांव (दावा)। तहसील डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम किरगी ब के किसानों को अब समर्थन मूल्य में धान विक्रय करने हेतु टोकन समस्या से निजात मिल गया है। 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से ही गिरदावरी व भौतिक सत्यापन पूर्ण होने के बाद भी किसानों को टोकन नहीं निकल रहा था। इस आशय की शिकायत पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को मिलने के बाद उन्होंने एनआईसी नई दिल्ली में हस्तक्षेप किया। उल्लेखनीय है कि, ग्राम किरगी ब के संपूर्ण किसानों का भौतिक सत्यापन/गिरदावरी लंबित दिखा रहा था, जिससे गांव के एक भी किसान का टोकन नहीं निकल रहा था। पूरे प्रदेश में धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो चुका है, बनिस्बत ग्राम किरगी ब के एक भी किसान टोकन समस्या से अपनी फसल का एक दाना भी नहीं बेच पाए थे। गाँव के सभी किसान मायूस थे।



किसानों ने इधर-उधर भटकने के बाद जिला महामंत्री डीकेश साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू को अपनी समस्या बताई। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से जानकारी एकत्र कर जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल से चर्चा कर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को अवगत कराई। एक गांव के सैकड़ों किसानों की समस्या से अवगत होकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने राज्य शासन के शीर्षस्थ अफसरों से चर्चा कर सीधे एनआईसी नईदिल्ली में हस्तक्षेप किया। जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू व स्थानीय जनपद उपाध्यक्ष मनीष कुमार साहू की तत्परता एवं गंभीरता से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने नई दिल्ली से तकनीकी त्रुटि को सुधार कराकर किसानों को समस्या से निजात दिलाया। अब किरगी ब के किसानों का टोकन निकलना प्रारंभ हो गया है। किरगी के किसानों सहित समस्त ग्रामीणों ने अभिषेक सिंह के अलावा कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, डिकेश साहू व मनीष साहू के प्रति कृतज्ञता जाहिर की है।

# पानी, सफाई का हाल देखने निगम आयुक्त सुबह पहुंचे वार्डो में

## कंचनबाग टंकी पूरा भरने तथा वाल्व खोलने पश्चात सप्लाई क्षेत्र में घुमकर पाईप लाईन की जॉच करने वालमेन को दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन की तरह सुबह आकस्मिक रूप से लखोली राहुल नगर एवं गौरी नगर में पहुँचकर पेयजल आपूर्ति व साफ सफाई का जायजा लेकर वार्डवासियो से चर्चा किए। मूलभूत सुविधा सफाई, पानी, बिजली की वार्डो में व्यवस्था देखने प्रतिदिन की तरह लखोली में सुबह पेयजल सप्लाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा लोगों से चर्चा किए। कंचनबाग टंकी में पानी कम मात्रा में भरने तथा नल में पर्याप्त पानी नही आने की शिकायत पर उन्होंने वालमेन से कहा कि, वाल्व खोलने के पश्चात पानी सप्लाई क्षेत्र में घुमकर पाईप लाईन की जॉच करे, गंदे पानी, कम पानी आने या किसी प्रकार की कमी पर संबंधित अधिकारी को अवगत करावे। इसी प्रकार उन्होंने गौरी नगर में पानी सप्लाई देख अमृत मिशन के अव्यवस्थित पाईप लाईन को व्यवस्थित करने कहा। पेयजल सप्लाई के अलावा साफ सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहुल नगर में लोगों से सफाई संबंधी चर्चा कर घर का कचरा रोड, नाली में न डालकर घर-घर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दिए। उन्होंने घर के आसपास साफ सुथरा रखने, वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने सहयोग करने कहा तथा सार्वजनिक शौचालय एवं तालाबों के आसपास साफ सफाई रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किए। इसी प्रकार आयुक्त ने गौरीनगर में साफ-सफाई निरीक्षण कर प्रतिदिन सुबह समय में उपस्थिति लेकर उपस्थित कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करें, इसका विशेष ध्यान रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि सघन बस्ती में प्रतिदिन गलियों एवं नालियों की नियमित सफाई कर कचरा उठावे। उन्होंने गौरीनगर मैदान एवं उद्यान में उगे कटिली झाडियाँ काटने तथा वार्ड मे सफाई के पश्चात उद्यान व मैदान की भी सफाई कराने निर्देशित किए। बंद शौचालय देख आवश्यक मरम्मत कर चालू कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। इसी प्रकार गौरीनगर तालाब के आसपास सफाई कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने कहा।

# महिला से 70 पौवा शराब जब्त

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र के एक महिला के पास से कुल 70 पौवा देशी शराब जब्त कर उसे आबकारी एक्ट के तहत जेल भेज दिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम ने बताया कि बुधवार 3 दिसंबर को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटना स्थल राहुल नगर लखोली में आरोपियां सुशीला वर्मा पति स्व. संतराम वर्मा उम्र 52 वर्ष निवासी राहुल नगर लखोली के कब्जे 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2400 रूपये एवं 40 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 4000 रूपये बरामद किया गया।

आरोपी महिला से पूछताछ पर सुनील जांगड़े निवासी स्टेशन पारा द्वारा लाना बतायी। महिला का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत होना पाये जाने से मामले में गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया। आरोपियां के पास शराब पहुंचाने वाला सुनील जांगड़े स्टेशन पारा की पतासाजी कर मामले में कार्यवाही की जाती है।


शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
सभी प्रकार के सब-मर्सिबल पंप के विक्रेता...

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726


# कलेक्टर ने रकबा समर्पण में उत्कृष्ट कार्य के लिए समिति प्रबंधकों को किया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत रकबा समर्पण में उत्कृष्ट कार्य के लिए समिति प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र कुहीकला के समिति प्रबंधक हरनारायण रामटेके, धान उपार्जन केन्द्र जोशीलमती के समिति प्रबंधक गणपतराम सिन्हा एवं धान उपार्जन केन्द्र गहिराभेडी के समिति प्रबंधक बसंत कुमार साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने जिले के अन्य धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों को रकबा समर्पण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी का कार्य प्रगति पर है। जिले में अब तक कुल 20167 किसानों द्वारा 103860 मीट्रिक टन धान का विक्रय किया गया है। जिसमें से 4236 किसानों द्वारा 333.602 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है।

# ईमानदारी सबसे महँगा शौक- जितेंदर यादव

## युगांतर में सिविल सेवा के क्षेत्र में कॅरियर निर्माण हेतु प्रभावी कार्यशाला आयोजित

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सिविल सेवा के क्षेत्र में कॅरियर निर्माण हेतु प्रभावी कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें मुख्य वक्तव्य राजनांदगाँव के कलेक्टर जितेंदर यादव द्वारा दिया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ईमानदारी सबसे महँगा शौक होती है और यह सर्वोत्तम नीति भी होती है, इसलिए इसे अपने भीतर हमेशा जीवित रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों का कॅरियर निर्माण की दिशा में निरंतर अभ्यास ही उसे उत्कृष्ट बनाता है। विद्यार्थियों को ईमानदारी और विनयशीलता से निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। वे ऐसा करने से एक-न-एक दिन सफल अवश्य होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के लिए तथा जीवन में सकारात्मक ढंग से निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस तरीके से अहंकार का त्याग किया जा सकता है और किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य की प्राप्ति की जा सकती है। एक प्रशासनिक अधिकारी को जनकल्याण का उद्देश्य लेकर कार्य करना चाहिए। विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए सिलेबस से गाइडेंस लेना चाहिए तथा अपने इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए परिणाम की चिंता किए बिना निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। हमें किसी कार्य को करने से पहले यह सोचना चाहिए कि इसे क्यों करें, जब इसका जवाब मन में मिल जाए, तब यह योजना बनानी चाहिए कि, इसे हम कैसे सफलतापूर्वक करें। उन्होंने विद्यार्थी जीवन को सबसे सुखी जीवन बताया।




इस जीवन में केवल पढ़ाई के अलावा कुछ करना नहीं होता। विद्यार्थी जीवन में प्राप्त संसाधनों का सही प्रयोग टाइम मैनेजमेंट के द्वारा करने से मनवांछित सफलता प्राप्त होती है। यही नहीं विद्यार्थी दृढ़ संकल्प के द्वारा बिना किसी संसाधन के द्वारा उच्च मुकाम हासिल कर सकता है। इस दिशा में विद्यार्थी को मार्गदर्शन तथा सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का उदाहरण देते हुए बताया कि विद्यार्थी को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए एक मेंटर की भी आवश्यकता होती है। वह विद्यार्थी की नकारात्मकता को सकारात्मकता में परिवर्तित कर देता है। सफलता प्राप्त करने के लिए पढ़ाई ही महत्वपूर्ण होती है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और सामाजिक व्यवहार को सुदृढ़ करना था, जिससे वे सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी अच्छे से कर सके। विद्यार्थियों की उत्साहवर्धक भागीदारी ने इन सत्रों को रोचक और प्रेरणादायक बना दिया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी द्वारा कलेक्टर का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

# जिले के पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला

राजनांदगांव (दावा)। जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर जिले व शहर के विभिन्न इकाई में पदस्थ पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशासनिक दृष्टिकोण से आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी तौर वर्तमान पदस्थापना से नवीन पदस्थापना में पदस्थ किया गया है।

इस नवीन पदस्थापना में सहायक उप निरीक्षक जयपाल अंबादे को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव से बतौर रीडर, एसडीओपी डोंगरगढ़ पदस्थापित किया गया है। इसी तरह प्रधान आरक्षक चालक 782 ईश्वन नायक को थाना कोतवाली एम.टी. शाखा रक्षित केन्द्र से थाना गैंदाटोला। प्रधान आरक्षक 233 संदीप देशमुख को थाना डोंगरगांव से सिटी कोतवाली थाना राजनांदगांव। प्रधान आरक्षक 920 राजकुमार वर्मा को चौकी चिखली से जिला विशेष शाखा। आरक्षक 1279 सुमीत मिश्रा को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव से चौकी जोब। प्रधान आरक्षक 43 चंद्रभूषण सिन्हा को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव से थाना सोमनी। प्रधान आरक्षक 567 शिवाजी राव को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव से चौकी चिखली में एवं प्रधान आरक्षक 31 आशीष परिहार को जिला विशेष शाखा से रक्षित केन्द्र राजनांदगांव स्थानांतरित किया गया है। उक्त नवीन पदस्थापना हेतु एसपी सुश्री अंकिता शर्मा का उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com